भोपाल, मंडला, कटनी, जबलपुर, इंदौर, मुंबई, दिल्ली, रायपुर, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

yashbharat.co.in

नये जमाने के साथ..

यशभारत

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

● वर्ष-12 अंक-306 ● भोपाल ● रविवार, 8 नवम्बर, 2026 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 ● विक्रम संवत् 2083



देशभर में दिवाली की धूम, बंगाल में काली पूजा की रौनक
अयोध्या में 30 लाख दीयों से जगमगाए सरयू के घाट

नई दिल्ली।, यशभारत। देशभर में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। घरों से लेकर मंदिरों और बाजारों तक रोशनी की छटा बिखरी हुई है। वहीं पश्चिम बंगाल में दीपावली के अवसर पर काली पूजा की विशेष धूम है। देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। मंदिरों में दर्शन-पूजन और प्रमुख नदियों में पर्व स्नान का सिलसिला शुरू हो गया है।



दीपावली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। सरयू नदी के घाटों पर 30 लाख दीये प्रज्वलित किए गए, जिससे पूरी रामनगरी दीपों की रोशनी से जगमगा उठी। आयोजन के दौरान भव्य लेजर शो और आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने के लिए देशभर से करीब पांच लाख लोग अयोध्या पहुंचे। रामनगरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते उत्सव का माहौल बना रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या पहुंचकर श्रीराम मंदिर में दर्शन-पूजन किया। दीपोत्सव के आयोजन में धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा की भव्य झलक देखने को मिली। उधर, उज्जैन में दीपावली के अवसर पर भगवान महाकाल की विशेष भस्म आरती की गई। तमिलनाडु के मदुरै स्थित प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में भी सुबह से श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने भी अपनी पत्नी के साथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। गोवा के पणजी में नरकासुर का पुतला जलाकर दीपावली मनाई गई। देश के अलग-अलग हिस्सों में दीपावली मनाने की परंपराओं में क्षेत्रीय संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं की विविधता दिखाई दे रही है। बंगाल में जहां मां काली की विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है, वहीं उत्तर भारत में भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की स्मृति में दीप जलाने की परंपरा प्रमुख है। दीपावली का इतिहास करीब दो हजार साल पुराना माना जाता है। आतिशबाजी और पटाखों के इस्तेमाल के प्रमाण भी करीब 600 साल पुराने बताए जाते हैं। इतिहास में दर्ज करीब 1760 की एक पेंटिंग में लखनऊ की शाही महिलाओं को दीपावली के अवसर पर फुलझड़ियां जलाते हुए दिखाया गया है। इसमें नदी के दूसरी ओर भी आतिशबाजी होती दिखाई गई है। यह ऐतिहासिक पेंटिंग अमेरिका के ओहायो राज्य के क्लीवलैंड शहर स्थित क्लीवलैंड म्यूजियम ऑफ आर्ट के संग्रह में सुरक्षित है। इससे स्पष्ट होता है कि दीपावली के उत्सव में रोशनी और आतिशबाजी की परंपरा सदियों से भारतीय समाज का हिस्सा रही है।

दीपावली का शुभ मुहूर्त

जबलपुर, यशभारत। दीपों का पर्व दीपावली आज रविवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस दौरान वृषभ स्थिर लग्न और प्रदोष काल का संयोग बन रहा है। अरुणोदय पंचांग के रचयिता ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास के अनुसार प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में लक्ष्मी पूजन शास्त्र सम्मत है। इस वर्ष दिन 10:13 से पूजन मुहूर्त प्रारंभ होकर पूरी रात चलेगा। व्यापारियों के लिए दोपहर 1:30 से 3:15 तक स्थिर लग्न, शाम 6 से रात 8:10 तक स्थिर वृषभ लग्न का उत्तम मुहूर्त और रात 10:10 से 12:35 तक निशीथ काल तांत्रिक जप के लिए विशेष शुभ रहेगा।

दीपों का महापर्व दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं

दीपों का महापर्व दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की समस्त पाठकों, विज्ञापन दाताओं एवं शुभ चिंतकों को यशभारत परिवार की ओर से अनंत शुभकामनाएं। यह पर्व आपके लिए उजाला और उन्नति का प्रकाश लेकर आये।

- संपादक

अवकाश की सूचना

दीपावली के उपलक्ष्य में यशभारत कार्यालय में 9 एवं 10 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अगला अंक 11 नवंबर को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

मोदी 13वीं बार जवानों के साथ मनाएंगे दिवाली
अब तक 12 बार सीमावर्ती इलाकों में पहुंचे



नई दिल्ली, यशभारत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार लगातार 13वीं बार देश के जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे। सेना के जवानों के बीच पहुंचकर त्योहार मनाने की उनकी परंपरा वर्ष 2014 से लगातार जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देश के अलग-अलग सीमावर्ती और सामरिक महत्व वाले क्षेत्रों का दौरा कर सैनिकों के साथ खुशियां साझा की हैं। पिछले साल 2025 में उन्होंने गोवा में भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर नौसैनिकों के बीच दिवाली मनाई थी। वहीं, वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री गुजरात के कच्छ पहुंचे थे, जहां उन्होंने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), थल सेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों के साथ त्योहार मनाया और उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी थीं। प्रधानमंत्री का जवानों के साथ दिवाली मनाने का सिलसिला उनके कार्यकाल की एक विशिष्ट परंपरा बन चुका है। हर साल दिवाली के अवसर पर उनके दौरे को लेकर सैनिकों में उत्साह रहता है। इस दौरान प्रधानमंत्री जवानों से बातचीत करते हैं, उनका हालचाल जानते हैं और मिठाई बांटकर उन्हें त्योहार की बधाई देते हैं। इस बार 13वीं बार जवानों के बीच दिवाली मनाने के साथ यह परंपरा एक और वर्ष आगे बढ़ेगी।

सरकार का दावा- देशभर में ई-20 पेट्रोल के 893 सैंपल मानकों पर खरे, कर्नाटक के आरोप खारिज



राहुल गांधी ने कहा था- ई-20 अब 420 बन गया, जनता की गाड़ी से हो रही पेट्रोल की चोरी

नई दिल्ली, यशभारत। ई-20 पेट्रोल में तय सीमा से अधिक एथेनॉल मिलाए जाने को लेकर उठे विवाद के बीच केंद्र सरकार ने कर्नाटक सरकार के दावों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ई-20 पेट्रोल के कुल 893 नमूने लेकर जांच कराई गई। सभी नमूनों में एथेनॉल की मात्रा निर्धारित 19 से 21 प्रतिशत की सीमा के भीतर पाई गई। कर्नाटक से लिए गए 56 नमूनों में भी एथेनॉल की औसत मात्रा 19.30 प्रतिशत दर्ज की गई। सरकार ने इन आंकड़ों के आधार पर पेट्रोल में 26 से 31 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाए जाने के आरोपों को गलत बताया है। यह विवाद उस समय सामने आया, जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर ई-20 पेट्रोल को लेकर सवाल उठाए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था कि ई-20 अब 420 बन गया है और जनता की गाड़ी से पेट्रोल की चोरी हो रही है। राहुल ने दावा किया था कि कर्नाटक सरकार ने राज्य के सात जिलों से पेट्रोल के 14 नमूने लेकर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं में जांच कराई। इनमें से 11 नमूनों में एथेनॉल की मात्रा 20 प्रतिशत से अधिक पाई गई थी। राहुल गांधी ने इस मामले में उपभोक्ताओं की परेशानी का मुद्दा भी उठाया था। उनका कहना था कि अधिक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज प्रभावित हो सकता है और मरम्मत का खर्च बढ़ सकता है।

देशभर में 3,280 टन मिलावटी खाद्य सामग्री जब्त, कीमत 82 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की ओर से देशभर में चलाए गए विशेष अभियान में 3,280 टन मिलावटी और मानकों पर खरी नहीं उतरने वाली खाद्य सामग्री जब्त की गई है। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 82 करोड़ रुपये बताई गई है। 66 दिन तक चले इस अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 56,431 दुकानों और प्रतिष्ठानों की जांच की। अनियमितताएं पाए जाने पर 314 प्रतिष्ठानों को सील किया गया। एफएसएसएआई के मुताबिक, यह अभियान 1 सितंबर से 5 नवंबर तक चलाया गया। इस दौरान दूध, पनीर, घी और मिठाइयों सहित 11 प्रमुख खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की गई। जांच में कई जगह खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन सामने आया। अधिकारियों ने संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच कराई और जहां गड़बड़ी मिली, वहां जब्ती सहित अन्य वैधानिक कार्रवाई की गई। उत्तर प्रदेश के मथुरा में करीब पांच लाख रुपये कीमत का 2,500 किलो खोया भी नष्ट कराया गया।

पंजाब पुलिस की बड़ी कामयाबी, डोनी बल गैंग का सरगना इथियोपिया से भारत लाया गया



चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डोनी बल-प्रभ दासूवाल गैंग के सरगना गुरविंदर उर्फ अफरीदी को इथियोपिया से भारत लाने में सफलता हासिल की है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग से करीब 10 महीने तक चले अंतरराष्ट्रीय अभियान के बाद आरोपी को डिपोर्ट कराया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विदेश में बैठकर पंजाब में आपराधिक गतिविधियों को संचालित कर रहा था और टारगेट किलिंग, फिरौती के लिए फायरिंग सहित कई वारदातों में उसकी कथित भूमिका सामने आई है। यह कार्रवाई पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने पंजाब काउंटर इंटेलिजेंस की ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्राडिशन सेल के साथ समन्वय कर की। अभियान में केंद्रीय जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों का भी सहयोग लिया गया। जांच एजेंसियों के अनुसार, गुरविंदर उर्फ अफरीदी विदेश में रहकर गैंग के नेटवर्क को संचालित कर रहा था। उसके निर्देश पर पंजाब में आपराधिक वारदातों को अंजाम दिए जाने की आशंका है।

दिल्ली में इमारत के बेसमेंट में कार में लगी आग, 11 लोगों को सुरक्षित निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में शनिवार देर रात एक इमारत के बेसमेंट में खड़ी कार में अचानक आग लग गई। आग लगने से इमारत में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान अंदर मौजूद 10 से 11 लोग फंस गए। सूचना मिलते ही दिल्ली फायर सर्विस की तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। करीब 15 से 20 मिनट की मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

100वें वर्ष की दहलीज पर आडवाणी

PM मोदी ने याद किया जनसंघ से BJP तक का सफर

नई दिल्ली, एजेंसी। बीजेपी के सीनियर लीडर और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी आज रविवार, 8 नवंबर को अपने जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक विशेष लेख लिखकर भारतीय राजनीति और देश के विकास में आडवाणी के योगदान को याद किया है।



प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लेख में आडवाणी के जीवन के विभिन्न पड़ावों का जिक्र किया है। उन्होंने विभाजन के दौरान झेली गई मुश्किलों और नए सिरे से जीवन शुरू करने के उनके संघर्ष को याद किया। साथ ही जनसंघ को मजबूत करने और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की है।पीएम मोदी ने इस अवसर को व्यक्तिगत रूप से बहुत भावुक कर देने वाला बताया। उन्होंने लिखा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा आडवाणी जी का स्नेह, सान्निध्य और मार्गदर्शन मिलता रहा है।

इंडिगो की फ्लाइट को हाईजैक की धमकी से हड़कंप

बेंगलुरु से लखनऊ जा रही फ्लाइट की वापस इमरजेंसी लैंडिंग, एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी घोषित

बेंगलुरु, एजेंसी। *बेंगलुरु से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को हाईजैक की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। विमान के टॉयलेट में धमकी भरा नोट मिलने के बाद पायलट ने एहतियात बरतते हुए विमान को वापस बेंगलुरु लौटाने का फैसला किया। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की वापसी से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी गई। विमान के सुरक्षित उतरते ही सुरक्षा एजेंसियों ने उसे अपने नियंत्रण में लेकर निर्धारित स्थान पर अलग खड़ा कराया और जांच शुरू कर दी।*



जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट 6ई-451 शनिवार को बेंगलुरु से लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान क्रू मेंबर्स को विमान के टॉयलेट में एक नोट मिला, जिसमें विमान को हाईजैक करने की धमकी दी गई थी। नोट मिलने के बाद चालक दल ने तत्काल पायलट को इसकी जानकारी दी। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पायलटों ने विमान को गंतव्य तक ले जाने के बजाय वापस बेंगलुरु लौटाने का निर्णय लिया। एयरपोर्ट पर विमान के पहुंचने से पहले आपातकालीन इंतजाम किए गए। सुरक्षा कर्मियों ने विमान की घेराबंदी कर तलाशी और जांच की प्रक्रिया शुरू की।

जांच पूरी होने तक यात्री एयरपोर्ट पर रुके

इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि 7 नवंबर 2026 को बेंगलुरु से लखनऊ जा रही फ्लाइट 6ई-451 में सुरक्षा खतरे की सूचना मिली थी। निर्धारित सुरक्षा प्रक्रिया के तहत तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित किया गया। प्रोटोकॉल के अनुसार पायलटों ने विमान को उसके शुरुआती एयरपोर्ट पर वापस लाने का फैसला किया।

करंट के जाल में फंसकर गई बाघ की जान, जंगल में मिला शव


शिकार की आशंका में वन विभाग ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया, डॉग स्क्वायड ने की जांच

बालाघाट, यशभारत। उत्तर सामान्य वन मंडल के पूर्व बैहर परिक्षेत्र में शनिवार सुबह एक नर बाघ का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। खुरमुंडी बीट के गुरार नाला के पास जंगल में मिले बाघ के शव की शुरुआती जांच में बिजली का करंट लगने से मौत होने की आशंका जताई गई है। आशंका है कि जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए बिजली के तारों की चपेट में आने से बाघ की जान गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वन मंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे के अनुसार, शनिवार सुबह बीट गार्ड नियमित गश्त पर था। इसी दौरान उसे गुरार नाला के पास बाघ का शव दिखाई दिया। उसने तत्काल इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक और परिक्षेत्र अधिकारी को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया और घटनास्थल पर साक्ष्य जुटाने के लिए जांच की गई।



सभी अंग सुरक्षित, करंट से मौत की आशंका

जांच के दौरान मृत बाघ के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। इससे फिलहाल अंगों की तस्करी या अंग निकालने के उद्देश्य से शिकार किए जाने की आशंका सामने नहीं आई है। हालांकि, शुरुआती परिस्थितियों के आधार पर वन विभाग बिजली के करंट से मौत होने की आशंका को प्रमुखता से जांच रहा है। अधिकारियों को संदेह है कि जंगल में जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए अवैध रूप से बिजली के तार बिछाए गए होंगे और इसी की चपेट में बाघ आ गया होगा। वन विभाग यह भी पता लगाने में जुटा है कि घटनास्थल के आसपास बिजली का कनेक्शन या करंट प्रवाहित करने की व्यवस्था किसने की थी।



दीपावली पर आतिशबाजी के खतरों के बीच भोपाल का हेल्थ सिस्टम मुस्तैद

जेपी, हमीदिया और एम्स में बर्न बेड्स आरक्षित, एयर एंबुलेंस भी अलर्ट

भोपाल, यश भारत।

दीपावली के दौरान पटाखों और आतिशबाजी से होने वाली किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए भोपाल का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। त्यौहार के दौरान हाथ-पैर झुलसने, बारूद से आंखों में चोट लगने या धुएं से सांस की गंभीर बीमारी उभरने जैसे मामलों में मरीजों को तत्काल इलाज देने के लिए राजधानी के बड़े सरकारी अस्पतालों में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

गोल्डन ऑवर में मिलेगा तुरंत इलाज-स्वास्थ्य विभाग ने आपात स्थिति से निपटने के लिए शहर भर में 108 एंबुलेंस सेवा की करीब 40 गाड़ियों को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रखा है, ताकि किसी भी इलाके से सूचना मिलते ही मरीज को बिना देरी अस्पताल पहुंचाया जा सके।



वहीं, अत्यंत गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को जरूरत पड़ने पर तुरंत उच्च स्तरीय बर्न सेंटर भेजने के लिए एयर एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था बैकअप के तौर पर रखी गई है।

अस्पतालों में विशेष तैयारियां

जेपी अस्पताल: मरीजों के इलाज के लिए 8 बेड की समर्पित बर्न यूनिट तैयार की गई है, जहां ड्रेसिंग किट, एंटीबायोटिक्स और पेनकिलर दवाओं के साथ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की विशेष टीमें तैनात रहेंगी।

हमीदिया अस्पताल: 10 से अधिक बेड आरक्षित रखे गए हैं और ऑन-कॉल सर्जिकल विशेषज्ञों को अलर्ट पर रखा गया है।

एम्स भोपाल: इमरजेंसी यूनिट और ऑपरेशन थिएटर को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पटाखों के धुएं से अस्थमा और सांस के मरीजों को राहत देने के लिए नेबुलाइजर, ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

क्या करें और क्या न करें (स्वास्थ्य एडवाइजरी)

क्या करें: जलने पर तुरंत 10-15 मिनट तक बहता साफ पानी डालें। हाथ में सूजन आने से पहले अंगूठी या घड़ी उतार लें। आंख में बारूद जाने पर साफ पानी के हल्के छींटे मारें।

क्या न करें: जले हुए स्थान पर घी, तेल, टूथपेस्ट या घरेलू लेप कतई न लगाएं। त्वचा से चिपके कपड़े न खींचें, फफोले न फोड़ें और आंखों को बिल्कुल न रगड़ें।

इमरजेंसी मेडिकल हेल्पलाइन नंबर:

जेपी अस्पताल: 0755-2441977
हमीदिया अस्पताल: 9329384392
एम्स भोपाल: 0755-2970771 / 0755-2970772 / 0755-29702406



दिवाली पहाट में सुरों की मधुरता ने मोहा मन

भाग्यश्री देशपांडे और महेश कंठे की शास्त्रीय गायकी से संगीतमय हुई दीपावली की सुबह, 22 मराठी मंडलों के 45 सदस्य सम्मानित

भोपाल,यश भारत।

दीपावली के उल्लास और मराठी संस्कृति की परंपराओं के बीच शनिवार सुबह मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में 'दिवाली पहाट का आयोजन हुआ। मराठी साहित्य अकादमी एवं मप्र संस्कृति परिषद की ओर से आयोजित इस प्रातःकालीन संगीत सभा में मुंबई की शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायिका भाग्यश्री देशपांडे और सहगायक महेश कंठे ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सुबह 6.30 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में कलाकारों ने विभिन्न प्रातःकालीन रागों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। तबले पर कौस्तुभ तळेकर संवादिनी पर मंदार दीक्षित पखावज पर मधुकर धोंगडे और तालवाद्य पर विजेन्द्र बागकर ने संगत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर अथर्वनाद दिवाली विशेषांक का विमोचन हुआ। रांगोली आकाशदीप और कलश सज्जा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही मराठी भाषा संस्कृति और समाजसेवा में योगदान के लिए 22 मंडलों के 45 सदस्यों का सम्मान हुआ।

दीपावली पर शहर की सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

भोपाल,यश भारत। दीपावली सहित अन्य त्योहारों पर शहर में नागरिक सुविधाएं बेहतर रखने के लिए नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महापौर मालती राय ने शनिवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार की मौजूदगी में व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को साफ सफाई पेयजल और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों और प्रमुख स्थानों सहित सभी क्षेत्रों में नियमित सफाई कराई जाए। कचरा प्रबंधन भी निर्धारित मानकों के अनुसार हो। नागरिकों को पर्याप्त मात्रा और उचित दबाव के साथ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने शहर की सभी स्ट्रीट लाइट चालू रखने और फव्वारों का नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सड़कों के रेस्टोरेशन मरम्मत और रखरखाव के कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराने के निर्देश दिए।



मेडिकल उपकरणों से नुकसान हो तो तुरंत करें शिकायत

एम्स भोपाल ने बाकानिया में चलाया जागरूकता अभियान, विद्यार्थियों और शिक्षकों को दी सुरक्षा की जानकारी

भोपाल,यश भारत।

मेडिकल उपकरणों और जांच किटों के इस्तेमाल से होने वाली प्रतिकूल घटनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एम्स भोपाल ने फंदा क्लस्टर के बाकानिया में अभियान चलाया। फार्माकोलॉजी विभाग ने सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के सहयोग से आंगनवाड़ी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जूनियर मटेरियोविजिलेंस एसोसिएट आकाश ठाकुर ने मेडिकल उपकरणों से होने वाले नुकसान और नियर मिस घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ऐसी किसी भी घटना की सूचना समय पर देना जरूरी है। विद्यालय के प्राचार्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी जागरूक किया गया। डॉ. अतुल्या टीएच ने कहा कि समय पर रिपोर्टिंग से उपकरणों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सुरक्षित दवा और मेडिकल उपकरणों के उपयोग का संकल्प लिया।



आंगनबाड़ी के बच्चों संग मनाई दीपावली, उपहार भेंट किए

हिरदाराम नगर

बजरंग सेना समिति द्वारा दीपावली पर आंगनवाडी केन्द्र में बच्चों को स्वीट एवं आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को हेम्पर भेंट किए गए। समिति ने आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं बच्चो को दीवाली के पावन पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी उपाध्यक्ष महेश खटवानी सचिव रमेश कुमार तोलानी विष्णु नाथानी जगदीश कुमार सांवले राजेश केवलानी आदि शामिल थे।बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि 08 नवंबर को गुरुकृपा एसोसएटस पर मॉ लक्ष्मी जी की पूजा के साथ भगवान श्री गणेश महाराज जी की आरती की जाएगी इसके बाद आतिशबाजी की जाएगी जिसमे समिति के समस्त कार्यकर्तागण एवं समाजसेवी उपस्थित रहेगे।

ठेले गुमठियां और दुकानों के बाहर रखा सामान हटाया

शहर में अतिक्रमण के खिलाफ निगम का अभियान, कई इलाकों में कार्रवाई

भोपाल , यश भारत।

शहर में यातायात और आवागमन को सुगम बनाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने कई इलाकों से अवैध कब्जे हटाए। कार्रवाई के दौरान एक गुमठी और एक खराब लोडिंग ऑटो जब्त किया गया।

निगम अमले ने कोलार राजहर्ष कॉलोनी ललिता नगर बंजारी चौराहा अयोध्या बायपास जेके रोड एमपी नगर माता मंदिर लिंक रोड वीआईपी रोड लालघाटी और



पॉलीटेक्निक चौराहे सहित कई क्षेत्रों में कार्रवाई की। इस दौरान दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले, काउंटर, कुर्सियां, टेबल, बोर्ड और फुटपाथ पर लगी सब्जी की दुकानें हटाई गईं। सीआई कॉलोनी में अवैध स्पीड ब्रेकर और राजहर्ष कॉलोनी में मकान के सामने बना चबूतरा भी तोड़ा गया। कटियार मार्केट में तीन दुकानों के सामने लगे टेंट हटाए गए। निगम ने हेल्पलाइन पर मिली शिकायतों के आधार पर भी कार्रवाई की।

पूज्य सिंधी पंचायत का दिवाली मिलन 19 नवंबर को

हिरदाराम नगर।



पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमे दीपावली पर्व साधारण सभा की बैठक व संत नगर की समस्याओं पर चर्चा की गयी। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधु चांदवानी ने समस्त नगरवासीयो से दीपावली का पर्व भाईचारे और उमंग के साथ मनाने की अपील की। साथ ही आतिशबाजी वगैरह खुले मैदान या मुख्य मार्ग पर करें, गलियों में न करें जिससे कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके अलावा गरीब व असहाय लोगो के साथ दीपावली का पर्व खुशी से मनाए। पंचायत महासचिव राज कुमार वाधवानी ने बताया कि दीवाली मिलन व साधारण सभा की बैठक 19 नवंबर को शाम 06:00 बजे नव युवक सभा भवन में आयोजित की गयी हैं। जिसमें दीवाली की बधाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व शहर की समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी, महासचिव राज कुमार वाधवानी के अलावा उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रीझवानी, गुलाब जेठानी, भरत आसवानी, हरीश मेहरचंदानी, जेठानंद मंगतानी, राकेश शेवानी, किशोर साधवानी, माधव पारदासानी, अमित राजानी, परषोत्तम हरचंदानी आदि उपस्थित थे।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान की 108 दिवसीय संकल्प यात्रा का भव्य समापन

रविन्द्र भवन में आयोजित राष्ट्र धर्म सेवा संकल्प समारोह में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति सेवा का लिया संकल्प

भोपाल, यश भारत।

आज रविन्द्र भवन भोपाल में परम पूज्य श्री दादागुरु जी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से संचालित एक पेड़ माँ के नाम महा वृक्षारोपण अभियान की 108 दिवसीय संकल्प यात्रा के पूर्णता उत्सव के अवसर पर आयोजित राष्ट्र धर्म सेवा संकल्प समारोह में सहभागिता की।

इस अवसर पर अभियान के माध्यम से प्रकृति संरक्षण पर्यावरण संवर्धन और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ सुरक्षित एवं हरित पर्यावरण प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण संकल्प है। 108 दिनों तक निरंतर चले इस अभियान में जनभागीदारी और



पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण ने समाज को प्रकृति के महत्व के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह संकल्प यात्रा जनमानस में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के साथ ही वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन का प्रेरणादायी संदेश देने में सफल रही।समारोह ने यह संदेश दिया कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि जीवनभर निभाई जाने वाली सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। प्रकृति की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है।

दिग्विजय-अखिलेश के खिलाफ बैरागढ़ में फूटा आक्रोश, चार पुतले जलाकर किया प्रदर्शन

सकल सनातन समाज की चेतावनी,माफी नहीं मांगी तो होगा सीएम हाउस का घेराव

भोपाल,यश भारत। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की टिप्पणी के विरोध में शनिवार को भोपाल के बैरागढ़ में जमकर प्रदर्शन हुआ। बागेश्वर धाम मंडल और सकल सनातन समाज के कार्यकर्ताओं ने दिग्विजय सिंह सपा प्रमुख अखिलेश यादव दामोदर यादव और हर्षा रिछारिया के पुतले जलाकर नारेबाजी की।



पंडित वृंदावन गर्ग के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कुछ नेता राजनीतिक लाभ के लिए सनातन धर्म और संतों को निशाना बना रहे हैं। महंत रवि पटेरिया ने कहा कि आंदोलन की शुरुआत बैरागढ़ से हुई है जिसे आगे व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा। पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल विधानी ने दिग्विजय सिंह से बयान पर माफी मांगने की मांग की। वहीं भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत ने भी टिप्पणी की निंदा करते हुए विरोध जारी रखने की चेतावनी दी। प्रदर्शनकारियों ने दो टूक कहा कि यदि संबंधित नेताओं ने माफी नहीं मांगी तो आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा



दिवाली उपहार बांटे शिक्षकाओं दी पर्व की बधाई

हिरदाराम नगर, यशभारत। लाइफ़ लाइन स्कूल की दोनों ब्रांचेस की शिक्षिकाओं को दिवाली के उपहार बांटे। प्रोग्राम में दिवाली का त्यौहार भी मनाया गया फुलझड़ी जला कर मिठाई खिला कर एक दूसरे को दिवाली की बधाईयां दी गई। प्रोग्राम में अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ट उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिजवानी, ओर पूर्व पार्षद महेश खटवानी उपस्थित रहे। प्राचार्य किरण वाधवानी ने स्वागत भाषण दिया अतिथियों ने दिवाली के महत्व पर प्रकाश डाला । ओर कहा दिवाली सभी के लिये शुभ हो आप लोग दिनदूनी रात चौगुनी तरक्की करे श्रह लक्ष्मी माता से अर्ज हे की दिवाली के झिलमिल दीयों के तरह आपके जीवन में भी हमेशा प्रकाश रहे। इस अवसर पर सभी शिक्षको को बोनस के साथ उपहार दिया गए। प्रोग्राम में ओमप्रकाश रिजवानी महेश खटवानी किरन वाधवानी और जी आर वाधवानी के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित था।

दामोदर यादव और हर्षा रिझारिया को लेकर भी नारेबाजी

बागेश्वर धाम मंडल एवं सकल सनातनियों ने दिग्विजय, अखिलेश का पुतला जलाया

हिरदाराम नगर, यशभारत ।

बागेश्वर धाम के अनुयायियों ने दिग्विजय सिंह, दामोदर यादव, अखिलेश यादव एवं हर्षा रिझारिया का विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व बागेश्वर धाम के समर्थक पंडित श्री वृंदावन गर्ग द्वारा किया गया।

भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत ने कहा कि दिग्विजय सिंह अपनी राजनीति की रोटियां सेकने के लिए बागेश्वर धाम सरकार पर उंगली उठाते हैं, इसलिए उन्हें बागेश्वर धाम सरकार से माफी मांगनी चाहिए। सिंधी समाज एवं सनातन के सदैव समर्थक कमल वीधानी ने अखिलेश यादव का विरोध करते हुए कहा कि अगर उन्होंने बागेश्वर धाम सरकार से माफी नहीं मांगी या कथा का विरोध किया, तो उनके विरोध में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें पूरा भोपाल का जनसैलाब शामिल होगा। गौ रक्षा उत्थान समिति प्रमुख रवि पटेरिया ने कहा कि दामोदर यादव बागेश्वर



धाम सरकार से माफी मांगें।

कथावाचक रसिकदेव शास्त्री ने बागेश्वर धाम सरकार के समर्थन में कहा कि दिग्विजय सिंह, अखिलेश यादव और दामोदर यादव संतों पर उंगली उठाने का पाप न करें, अगर उन्हें मोक्ष की प्राप्ति चाहिए। वे सभी सनातनियों का अपमान न करें। वृंदावन गर्ग ने बताया कि सारे विश्व में बागेश्वर धाम तीर्थ हम सभी सनातनियों की आस्था का केंद्र है। अगर दामोदर यादव ने बागेश्वर धाम सरकार से माफी नहीं मांगी, तो याद रहे– भविष्य में आज के बाद किसी ने धीरेंद्र शास्त्री के ऊपर उंगली उठाई, तो मुख्यमंत्री बंगले का घेराव करके बहुत बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे और दामोदर यादव की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।

प्रदर्शन में भूपेंद्र सिंह गुर्जर, योगेश मेवाड़ा (सरपंच), देवेंद्र विश्वकर्मा, भूपेंद्र भार्गव, कन्नू गर्ग, दिनेश त्रिपाठी, रामेश्वर गर्ग, विनय रावत, उमेश नागर, संजय वाधवा, राहुल अबोले, दिनेश विश्वकर्मा, योगेश गर्ग, किशोर साधवानी, संदीप रजक, अतुल बैरागी, शिवानंद, प्रमोद चौबे, मनोज पांडे आदि मौजूद रहे।

हड़ताल खत्म होने के 72 घंटे बाद भी शहर में पसरा कचरा

शहर के कई इलाकों में कचरे के ढेर, नगर निगम के दावों की खुली पोल

भोपाल, यश भारत।



त्योहार के बीच गंदगी और दुर्गंध से परेशान रहवासी, संक्रमण फैलने का खतरा

भोपाल नगर निगम सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हुए 72 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन राजधानी के कई इलाकों में सफाई व्यवस्था अब भी पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है। अशोका गार्डन स्थित बैंक नगर क्षेत्र में जगह-जगह कचरे के बड़े-बड़े ढेर लगे हुए हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि हड़ताल खत्म होने के बाद भी क्षेत्र से कचरे का उठाव नहीं किया गया है। सड़कों और मुख्य गलियों में कचरा पसरा होने से चारों तरफ गंदगी का माहौल है। त्योहार के इस समय में पसरी गंदगी से उठ रही तेज दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, जिससे क्षेत्र में संक्रामक बीमारियां फैलने की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है।

हड़ताल खत्म होने के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा पूरे शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने के दावे किए जा रहे थे। हालांकि, शहर के कई क्षेत्र की जमीनी हकीकत इन सरकारी दावों की पोल खोल रही है। क्षेत्रीय निवासियों ने मांग की है कि नगर निगम जल्द से जल्द कचरे का उठाव सुनिश्चित करे और नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करे।

स्थानीय लोगों की मदद से चारों युवक सुरक्षित बाहर निकाले गए भारी डंपरों की आवाजाही पर उठे सवाल

ढाई घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

40 फीट गहरे कुएं में गिरी कार, चार युवकों ने कांच तोड़कर बचाई जान

भोपाल,यश भारत।



राजधानी भोपाल के निपानिया जाट में एक बड़ा हादसा सामने आया जहां चार युवकों से भरी कार अनियंत्रित होकर पानी से लबालब भरे करीब 40 फीट गहरे कुएं में जा गिरी। हादसे के बाद कार में सवार युवकों ने हिम्मत और सूझबूझ दिखाते हुए कार के कांच तोड़े और बाहर निकलने का रास्ता बनाया। चारों युवक तैरना जानते थे जिसके चलते उनकी जान बच सकी। स्थानीय लोगों की मदद और करीब ढाई घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद चारों युवकों को कार सहित सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार कार में प्रेम सिंह लोधी ज्ञान सिंह लोधी सहित चार युवक सवार थे। निपानिया जाट में कार अचानक अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरी। पानी में डूबती कार के भीतर फंसे युवकों ने हिम्मत नहीं हारी और कांच तोड़कर बाहर निकलने में कामयाब रहे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मदद के लिए पहुंचे। पुलिस भी मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू कराया। काफी मशक्कत के बाद चारों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

हादसे के बाद निपानिया जाट-कनेरा मार्ग पर रात के समय भारी डंपरों की आवाजाही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने गिट्टी-मुरम से भरे डंपरों के लगातार आवागमन पर नाराजगी जताई है। उनका आरोप है कि इस समस्या को लेकर करीब एक साल पहले कलेक्टर और एसपी को शिकायत दी गई थी लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि समय रहते उचित कदम उठाए जाते तो ऐसी घटनाओं की आशंका को कम किया जा सकता था।

किराएदारों के बेरोक-टोक सत्यापन पर भड़के लोग

वाजपेयी नगर मल्टी में बुजुर्ग महिला की हत्याः किराएदार महिला और उसका बेटा पुलिस हिरासत में

भोपाल यश भारत।



राजधानी के शाहजहानाबाद थाना क्षेत्र स्थित वाजपेयी नगर मल्टी में 75 वर्षीय कलरी देवी की सनसनीखेज हत्या और लूट की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। एसआईटी और शाहजहानाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मल्टी के ए-1 ब्लॉक में रहने वाली एक संदिग्ध किराएदार महिला रेखा और उसके बेटे संजय को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर मृतका का लूटा हुआ सामान भी बरामद कर लिया है।

मल्टियों में किराएदारों के सत्यापन का मुद्दा फिर गरमाया

इस नृशंस वारदात के बाद एक बार फिर मल्टियों में बिना सत्यापन रह रहे किराएदारों की सुरक्षा का गंभीर मुद्दा खड़ा हो गया है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि पुलिस द्वारा समय-समय पर किराएदारों का वेरिफिकेशन न किए जाने के कारण अपराधियों ने मल्टियों को अपना सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। जिस ब्लॉक ए-1 में आरोपी महिला रह रही थी, उसी ब्लॉक में दो साल पहले भी एक 5 साल की मासूम की हत्या एक किराएदार द्वारा की जा चुकी है। बार-बार ऐसी घटनाओं के सामने आने से नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

सीसीटीवी फुटेज से खुला राज और पुलिस की घेराबंदी

वारदात के बाद पुलिस की फॉरेंसिक टीम और जांच अधिकारियों ने मल्टी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। जांच के दौरान ए-1 ब्लॉक की इस महिला की संदिग्ध हलचल कैमरे में कैद हुई थी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को आनंद फाइनेंस के पास से दबोच लिया। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने वृद्धा के अकेले रहने की पूरी रेकी की थी। मृतका के शरीर से सोने के कड़े, हार, पायल, बिछिया और सोने का दांत तक उखाड़ लिए जाने से यह साफ हो गया था कि आरोपियों को घर की हर गतिविधि की पूरी जानकारी थी।

चक्काजाम के बाद पुलिस ने तेज की कार्रवाई

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और रहवासियों ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोहेफिजा से कलेक्ट्रेट जाने वाले मार्ग पर करीब एक घंटे तक चक्काजाम किया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सख्त कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ था। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने और दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस अब जल्द ही इस मामले का आधिकारिक तौर पर पूरा खुलासा करने की तैयारी में है।

दीपावली आजः वृषभ स्थिर लग्न और प्रदोष काल के महासंयोग में होगी मां लक्ष्मी की आराधना, बाजारों में उत्साह

भोपाल, यशभारत। प्रकाश पर्व दीपावली पर आज राजधानी भोपाल में श्रद्धा, उल्लास और रोशनी का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। घरों से लेकर बाजारों और देवालयों तक भव्य सजावट की गई है। इस बार दीपावली पर दो दिन अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे पर्व का धार्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्य पंडित जगदीश शर्मा के अनुसार, आज शाम मां लक्ष्मी और भगवान गणेश के पूजन के लिए सबसे श्रेष्ठ मुहूर्त शाम 6:02 बजे से रात 8:01 बजे तक रहेगा। इस समयावधि में वृषभ स्थिर लग्न और प्रदोष काल का विशेष और शुभ संयोग बन रहा है। स्थिर लग्न में पूजन करने से घर-परिवार में सालभर सुख-समृद्धि और मां लक्ष्मी की कृपा स्थायी रूप से बनी रहती है। शहर में आज सूर्यास्त शाम 5:38 बजे होगा, जिसके साथ ही प्रदोष काल शाम 5:38 से रात 8:13 बजे तक की शुरुआत हो जाएगी। इसी दौरान शाम 6:02 से रात 8:01 बजे तक वृषभ स्थिर लग्न में महालक्ष्मी, भगवान गणेश, धन के अधिपति कुबेर और नए बहीखातों का पूजन करना सबसे उत्तम फलदायी रहेगा। पंडित शर्मा ने बताया कि अमावस्या तिथि आज सुबह 11:27 बजे शुरू हो चुकी है, जो कल यानी 9 नवंबर को दोपहर 12:31 बजे तक रहेगी। रविवार को प्रदोष काल में दीपावली पूजन के बाद अगले दिन सोमवार को सोमवती अमावस्या होने के कारण स्नान, दान, जप और पितरों के निमित्त किए जाने वाले धार्मिक कार्यों का विशेष पुण्य प्राप्त होगा।



दीपावली पर इन बातों का रखें विशेष ध्यान

पूजन से पहले घर और पूजा स्थल की अच्छी तरह साफ-सफाई कर लाल कपड़ा बिछाकर गणेश-लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। कलश स्थापना के बाद सबसे पहले विघ्नहर्ता गणेश जी का पूजन करें, इसके बाद मां लक्ष्मी, कुबेर जी और बहीखातों की पूजा कर विधि-विधान से आरती करें। पूजन के दौरान रोली, कुमकुम, अक्षत, कमल का पुष्प, पंचामृत और खील-बताशे का विशेष रूप से उपयोग करें। साथ ही, पूजा के बाद गणेश मंत्र '? गं गणपतये नमः' और महालक्ष्मी मंत्र '? श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः' का जाप अवश्य करें। पारंपरिक विधान के अनुसार आज शाम घर के मुख्य द्वार, आंगन, खिड़कियों और तुलसी चौरे के पास दीपदान जरूर करें। जानकारों का कहना है कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है।





हिला शिक्षिकाओं के सीसीएल पर बरसे शासकीय शिक्षक संगठन, बोले ऑफलाइन व्यवस्था ने बढ़ाई परेशानी, तुरंत शुरू हो ऑनलाइन पोर्टल

भोपाल, यशभारत। मध्य प्रदेश में महिला शिक्षिकाओं के संतान पालन अवकाश को लेकर व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। शासकीय शिक्षक संगठन ने जिला स्तर पर चली आ रही पारंपरिक ऑफलाइन प्रक्रिया को आड़े हाथों लेते हुए इसे प्रशासनिक लापरवाही और पारदर्शिता की कमी करार दिया है। संगठन ने दो टूक कहा है कि बच्चों की देखभाल और पारिवारिक दायित्वों से जुड़े इस अधिकार को कागजी पचड़ों में उलझाकर रखना पूरी तरह अनुचित है। शासकीय शिक्षक संगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र कौशल ने इस मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऑफलाइन व्यवस्था के कारण फाइलों को बेवजह लटकाया जाता है और पात्र महिला शिक्षिकाओं को दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि संतान पालन अवकाश कोई मामूली रियायत नहीं, बल्कि कामकाजी माताओं का बुनियादी हक है, जिसे जिला स्तर पर होने वाली कथित अनियमितताओं और देरी से जोड़ा जा रहा है।

संगठन की दो टूक मांगें:

1. **पूर्णतः** ऑनलाइन हो प्रक्रियाः आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की पूरी प्रणाली डिजिटल पोर्टल पर लाई जाए।
2. **ट्रैकिंग और जवाबदेही:** शिक्षिकाओं को घर बैठे आवेदन की लाइव ट्रैकिंग मिले और यदि किसी अधिकारी द्वारा आवेदन पर आपत्ति लगाई जाए या उसे खारिज किया जाए, तो पोर्टल पर उसका स्पष्ट कारण दर्ज करना अनिवार्य किया जाए।
3. **तय हो समय-सीमाः** आवेदनों के निराकरण के लिए एक निश्चित समय-सीमा तय हो ताकि अनावश्यक विलंब पर रोक लग सके।

संगठन ने स्कूल शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से अपील की है कि इस व्यवस्था को जल्द से जल्द ऑनलाइन किया जाए, ताकि महिला शिक्षिकाओं को राहत मिल सके और प्रक्रिया में पूरी तरह पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

सेज इंटरनेशनल स्कूल में 13 नवंबर से सजेगा आईआईएमयूएन का मंच

भोपाल,यश भारत। राजधानी के सेज इंटरनेशनल स्कूल में 13 से 15 नवंबर तक आईआईएमयूएन (इंडियाज इंटरनेशनल मूवमेंट टू यूनाइट नेशंस) की भव्य भोपाल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में 500 से अधिक मेधावी विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच, संवाद कौशल और वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करना है आयोजन के दौरान विद्यार्थी 11 अलग-अलग समितियों में विभाजित होकर विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर चर्चा करेंगे। इनमें संयुक्त राष्ट्र नीति आयोग बेरोजगारी और विकसित भारत 2047 जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल हैं सम्मेलन में विद्यार्थी विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों और नीति निर्माताओं की भूमिका निभाते हुए कूटनीतिक चर्चाओं में भाग लेंगे। इस दौरान समसामयिक चुनौतियों पर विचार-विमर्श के साथ समाधान भी प्रस्तुत किए जाएंगे। आयोजन विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय संबंधों और नीति निर्माण की व्यावहारिक समझ प्रदान करने का अवसर देगा।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष कुमार शुक्ला द्वारा पी.जी. इंन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा. लि. करौंद बाईपास रोड भानपुर भोपाल मप्र से मुद्रित, 3 इन्द्रा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल महेश्वरी मार्ग एमपी नगर, जोन 1 भोपाल से प्रकाशित, संपादक अम्बरीष तिवारी *, सलाहकार संपादक श्याम कटारे।
फोन - 9111201000, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2025-27 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2015/60766- email - bhopalyashbharat02@gmail.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)

चिंतन-मनन

महंगाई के अंधेरे में खुशियों का उजास

दीपावली प्रकाश, उल्लास और समृद्धि का पर्व है। यह केवल घरों में दीप जलाने या बाजारों को रोशनी से सजाने का अवसर नहीं, बल्कि जीवन से अंधकार मिटाकर प्रेम, सद्भाव और मानवता का उजाला फैलाने का संदेश देता है। भगवान श्रीराम के चौदह वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या लौटने की स्मृति में मनाया जाने वाला यह पर्व बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। लेकिन विडंबना यह है कि आज दीपावली की चमक के बीच आम आदमी की खुशियों पर महंगाई का साया गहराता जा रहा है। त्योहार की तैयारियों के बीच बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है और खुशियों को भी आर्थिक गणित में उलझा दिया है।

इस वर्ष दीपावली पर बाजार में रौनक तो है, लेकिन खरीदारी की क्षमता पर महंगाई का दबाव साफ दिखाई दे रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कीमतों में 3 से 7 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। दूध, मावा, खोया, चीनी और सूखे मेवों की लागत बढ़ने से मिठाइयां 15 से 30 प्रतिशत तक महंगी हो गई हैं। चीनी की कीमत करीब 65 रुपये किलो तक पहुंच गई है, जबकि बादाम और पिस्ता जैसे सूखे मेवों के दाम भी आम उपभोक्ता की पहुंच से दूर होते जा रहे हैं। पिस्ता की कीमत पिछले वर्ष की तुलना में लगभग दोगुनी होने की बात सामने आई है। गेहूं, दाल और खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों ने रसोई का बजट भी प्रभावित किया है। सवाल यह है कि जब रोजमर्रा की जरूरतें ही महंगी होती जा रही हैं, तब आम परिवार त्योहार की अतिरिक्त खुशियों का खर्च कैसे उठाए?

महंगाई का दूसरा पहलू उन छोटे कारोबारियों और पारंपरिक कारीगरों की मुश्किलें हैं, जिनकी आजीविका त्योहारों पर निर्भर रहती है। मिट्टी के दीये बनाने वाले कुम्हार महंगी मिट्टी, बिजली और परिवहन लागत से परेशान हैं। ऊपर से बाजार में चाइनीज और रेडीमेड लाइटों की बढ़ती मांग ने उनके कारोबार को प्रभावित किया है। जिस दीपावली की पहचान मिट्टी के दीपक से है, उसी पर्व पर दीप बनाने वाले कारीगर आर्थिक संघर्ष कर रहे हैं। यह स्थिति हमारी बाजार व्यवस्था और उपभोक्ता प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़े करती है। स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना केवल स्वदेशी का नारा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका बचाने का प्रयास है। हालांकि दीपावली का वास्तविक अर्थ महंगे उपहार, चमक-दमक और दिखावे में नहीं छिपा है। इसकी सार्थकता मन के भीतर के अंधकार को मिटाने में है। आज समाज ईर्ष्या, द्वेष, असहिष्णुता और भेदभाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में दीपावली हमें प्रेम, करुणा, सहयोग और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। जिस प्रकार छोटे-छोटे दीप मिलकर अंधकार को दूर करते हैं, उसी प्रकार समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने सकारात्मक योगदान से राष्ट्र को मजबूत बना सकता है।

पर्यावरण संरक्षण भी इस पर्व की बड़ी जिम्मेदारी है। पटाखों से होने वाला वायु और ध्वनि प्रदूषण बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है। इसलिए हरित दीपावली को अपनाना समय की मांग है। मिट्टी के दीप जलाना, स्थानीय कारीगरों से खरीदारी करना और अनावश्यक खर्च से बचना इस पर्व को अधिक अर्थपूर्ण बना सकता है। सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी भी है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर निगरानी रखे और जमाखोरी तथा कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करे, ताकि त्योहार आम आदमी की पहुंच से बाहर न हो। अंततः दीपावली का उजाला तभी सार्थक होगा, जब किसी गरीब के घर का चूल्हा भी जले और किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान आए। महंगाई के इस दौर में हमें समझना होगा कि त्योहार की खुशियां धन से नहीं, संवेदना और साझेदारी से बढ़ती हैं। इस दीपावली पर संकल्प हो कि हम केवल अपने घर नहीं, बल्कि समाज के हर उस कोने को रोशन करेंगे, जहां अभाव और निराशा का अंधेरा है। यही सच्चे अर्थों में दीपावली का संदेश है।

कड़वे वचन



अक्सर लोग मुझसे पूछते हैं मुनिश्री आप इतना चिल्ला चिल्लाकर क्यों बोलते हैं ? तब मैं कहता हूं कि भाई तुम्हारे घर में कुत्ता होता है। वह तुम्हारे द्वारा दी गई सूखी रूखी रोटी खाकर रात में जब तुम गहरी नींद में होते हो तो वह भौंक भौंक कर चोरों से तुम्हारे धन की रक्षा करता हैं। फिर मुझ तरुणसागर को तो समाज दोनों तरफ घी लगी रोटियां खिलाता है तो भला मैं क्यों न चिल्लाऊं।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास

पंचांग:-8 नवम्बर, 2026
दिन-रविवार, अश्विन शुक्ल 10
विक्रम संवत 2083

मेष
अपने कार्यों को व्यवस्थित रूप से करना आपको सफल बनाएगा। उत्साह में वृद्धि होगी

वृष
समाज में मान-सम्मान बना रहेगा। विद्यार्थियों की भविष्य को लेकर चल रही समस्या दूर होगी।

मिथुन
आर्थिक कश्मकश बनी रहेगी। खर्चों पर कटौती करना अति आवश्यक है

कर्क
अपनी योजनाओं को कार्य रूप देने से पहले उस पर सोच-विचार जरूर करें। सतर्क रहे

सिंह
अपने स्वभाव में अहम की भावना न आने दें। कारोबारी गतिविधियों में दिक्कतें रहेंगी।

कन्या
सफलता मिलेगी परंतु अभी और मेहनत की जरूरत है।

तुला
व्यवसायिक संपर्कों को मजबूत करें। किसी राजनीतिज्ञ से मुलाकात लाभदायक साबित होगी।

वृश्चिक
पति-प ी के बीच चल रही गलतफहमी का निवारण होगा। संबंधों में पुनः मधुरता आएगी।

धनु
प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। बदलते वातावरण से सावधान रहना आवश्यक है।

मकर
प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त संबंधी कोई गतिविधि चल रही है तो उससे संबंधित काम हो सकता है।

कुंभ
परिवार में कोई धार्मिक आयोजन की योजना बनेगी। घर की साज सज्जा में समय व्यतीत होगा।

मीन
समस्या का सामंजस्य से समाधान निकालने की जरूरत है। धैर्य और शांति बनाए रखें।

भगवान राम व श्रीकृष्ण भी मनाते थे दीपावली!

शुभं करोतु कल्याणं आरोग्यं सुख संपदाम।
दुष्ट शक्तिः विनाशाय दीप ज्योति नमोस्तुते।।

हिंदू धर्म मे दीपावली पर्व शुद्ध रूप से सामाजिक एवं भौगोलिक पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसको द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण भी मनाया करते थे। त्रेता युग में भगवान राम ने भी दीपावली का मनाया था और इससे पहले सतयुग में दीपावली को मनाया जाता था। दीपावली का वास्तविक नाम है, *शारदीय नवसस्येष्टि पर्व* जिसका अर्थ है *शरद ऋतु में आई हुई फसल का यज्ञ* अर्थात् खरीफ की फसल तिलहन, दलहन, अनाज यथा धान, मक्का, चना, मसूर, जौ, उड़द, सोयाबीन, अरहर आदी का प्रेम से स्वागत करना, पूजा करना, सबसे पहले इन नई फसलों को प्राप्त करने के बाद इसे परमात्मा व देवताओं को भोग लगाना। भोग लगाने की विधि यज्ञ है। जो अग्नि देवताओं का मुख है। अग्नि को दी हुई आहुति परमात्मा व सभी देवताओं को प्राप्त होती है। इससे परमात्मा व सभी देवी देवता प्रसन्न होते हैं और जन कल्याण करते हैं। हमारी संस्कृति त्याग और दान की संस्कृति है। हम नई फसल से नए-नए पकवान खीर, हलवा, मिठाई लड्डू बताशा आदि बनाते है। अपने माता-पिता, गुरु- आचार्य, बड़े-बुजुर्ग, रिश्तेदार, असहाय, निर्बल, अनाथ, हमारे सेवक, कर्मचारी, पड़ोसी, हमारे रक्षक पुलिस, सेना को देकर यथायोग्य ग्रहण कराते है। सामाजिक स्तर पर कर्म के अनुसार किसान और व्यापारी इस पृथ्वी पर समृद्धि लाते हैं और अभाव को दूर करते हैं इनका सदकार्य ही यही है-

पशुनां रक्षणं दानं इज्याह्यध्ययनमेव च।
वणिक् पथं कुसीदं च वैश्यस्य कृषिमेव च।।

अर्थात - पशुओं का पालन एवं रक्षण तथा दान देना, यज्ञ करना, स्वाध्याय करना इस नियमित अङ्ग और व्यापार- वस्तुओं का आयात निर्यात और पैसों का निवेश करना यह व्यापारी एवं किसान के कार्य है।परंतु किसान की उपेक्षा करके कभी किसी समाज की शुभ दीपावली नहीं हो सकती। कुछ लोग लक्ष्मी का अर्थ, नोट करेंसी को मानते है ।लेकिन जब नोट नहीं थे, तब लक्ष्मी नहीं थी क्या? लक्ष्मी तब भी थी। तब तांबे, सोने, चांदी के सिक्के चलते थे। एक समय ऐसा भी था जब सिक्के नहीं थे, तब क्या लक्ष्मी नहीं थी? अवश्य थी। फिर लक्ष्मी क्या है लक्ष्मी है धान, अनाज। यही विशुद्ध रूप से लक्ष्मी है और इस लक्ष्मी को देने वाला किसान है।इसलिए इस दीपावली में आसपास के गरीब किसानों का संबल बने उनके पास जायें ,हो सके तो उनके कर्ज को हल्का या कम करने का प्रयास करें। उनके बच्चों को मिठाई कपड़ा इत्यादि दें।यह उनपर पर दया नही,बल्कि उनका अधिकार समझ कर दे।

दीपावली के पर्व

धनतेरस - लोक में ऐसा प्रचलन है कि इस दिन स्वर्ण, चांदी, तांबे की खरीदी करना शुभ होता है। इसलिए लोग जमकर आभूषण इत्यादि खरीदते हैं। आइए! समझते हैं धनतेरस क्या है। धनतेरस में दो शब्द है पहला है धन जिस का सामान्य अर्थ लगाया जाता है पैसा रुपया सोना चांदी आदि और तेरस का अर्थ है त्रयोदशी *धनतेरस* के दिन त्रयोदशी तिथि होती है। कार्तिक मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस मनाया जाता है। पर त्रयोदशी को स्वर्ण आदि आभूषण खरीदने से क्या लाभ और शुभ? क्या साल भर ज्वेलरी की दुकानें बंद रहती है? क्या दूसरे दिन खरीदना अशुभ है? बिल्कुल भी नहीं फिर धनतेरस का क्या मतलब? धन का सबसे पहला अर्थ है - शरीर, *पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया* माया तो दूसरे स्थान पर है। पहली संपत्ति तो हमारा शरीर है। आपसे कोई अपका एक हाथ मांग ले बदले में कई लाख रुपए देने की बात कहे तो आप कदापि नहीं मानेंगे। इसका मतलब पहला धन तो आपका शरीर ही है। इससे बड़ा कुछ नहीं है अब आप पूछेंगे? इसका धनतेरस से क्या मतलब है? आयुर्वेद के बहुत बड़े ज्ञाता ऋषि हुए हैं। धन्वंतरि और उन्होंने अपनी बात प्रारंभ की है। शरीर रूपी धन से। उन्होंने शरीर को सबसे बड़ा धन बताया है। इसलिए पहला धन तो शरीर है यदि आप स्वस्थ रहें निरोग है तो संपत्ति और भी कमा सकते हैं। कहावत तो आपने सुनी है *जान है तो जहान है* तो बताइए आपको पहला धन पवित्र आत्मा और शरीर हुआ ना। आपका सुंदर स्वास्थ्य ही आपका धन है। धन्वंतरि के स्मरण में हम त्रयोदशी को धनतेरस मनाते हैं। शरद ऋतु में शरीर का ध्यान रखना यह आयुर्वेद के अनुसार भी बहुत जरूरी है। क्योंकि शरद ऋतु में ध्यान रखा गया शरीर पूरे साल भर स्वस्थ रहता है। जीवेम शरदः शतम् इस मंत्र के भाग में शरद शब्द का उल्लेख है अर्थात् हम सौ वर्ष तक जिए हम सौ शरद ऋतु देखें। शरद ऋतु की उपेक्षा करके कोई व्यक्ति सौ वर्ष तक नहीं जी सकता। इसीलिए हमारा पहला धन शरीर है। ध्यान रहे! हमारा पहला धन शरीर है परंतु व्यक्ति संपत्ति कमाने के लिए इस अमोल शरीर और मानव जन्म को दांव पर लगा देता है। फिर शरीर ठीक करने के लिए पूरी संपत्ति को गवां देता है। इसलिए आइए असली धन को समझें और धनतेरस ऐसे ही मनाएं। कालांतर में लोगों ने स्वर्ण आभूषणों को बड़ा धन मान लिया।

लक्ष्मी पूजा - लक्ष्मी पूजा दीपावली जो मुख्य पर्व है इस दिन आप लोगों को दो बार यज्ञ हवन करना होगा। एक बार प्रातः काल घर में और दूसरी बार आपके प्रतिष्ठान व्यवसाय ऑफिस दुकान फैक्ट्री आदि में। जहां पर बैठ करके आप अपना कार्य करते हैं। दीपावली से पहले ही आप अपने घर की साफ-सफाई, रंगरोगन, आदि कर लें। क्योंकि वर्षा ऋतु अभी गई है और साफ-सफाई की बड़ी आवश्यकता है। रात्रि को पवित्र मन से शयन करें। पर्वों पर और अमावस्या, पूर्णिमा और अष्टमी इन पर्व तिथियों पर कम से कम पति और पत्नी का सहवास वर्जित है,एवं पाप है। इस दिन पवित्र रहे प्रातः काल 4 बजे उठे प्रार्थना करें। योग प्राणायाम करें। सभी मिलकर के आनंदोत्सव से मिठाइयां पकवान बनाए घर में यज्ञ हवन करें। विद्वानों को बुलाकर के हवन करवाएं। आपकी हवन सामग्री में बताशे धान मूंग मसूर दाल जो नई फसल है उसको मिलाएं और दीपावली *शारदीय नव सस्येष्टि* के मंत्रों से आहुतियां दें। परिवार के कल्याण के लिए समाज के कल्याण के लिए देश के कल्याण के लिए परमात्मा से प्रार्थना करें। साथ में यह भी कहें कि पहले सुधार मेरे से शुरू होगा।

लक्ष्मी पूजा - लक्ष्मी का अर्थ है जो आपके लक्ष्य की पूर्ति में आपका सबसे सहायक साधन हो, वह लक्ष्मी है। बिना शुद्ध लक्ष्य के शुद्ध लक्ष्मी भी प्राप्त नहीं होती है। इसलिए हमारा लक्ष्य भी ऊंचा और श्रेष्ठ होना चाहिए। अपने घर को सजाएं। घी के दीपक जलाएं। दिवाली वाले दिन अमावस्या तिथि होती है और यह अमावस्या 12 महीने में जो 12 अमावस्यायें आती है उसमें यह सबसे काली अमावस्या होती है। सबसे प्रगाढ अंधकार वाली अमावस्या होती है। हम चाहते हैं कि हम घी के दीपक जला करके इस अंधकार को दूर करें। *तमसो मा ज्योतिर्गमय* हम अंधकार से प्रकाश की ओर चलें। हमारे मन से अंधकार मिटे, हमारे समाज से अज्ञान, अंधकार, अभाव दूर हो यही *दीपावली* का संदेश है। दीप का अर्थ है दीपक और अवली का अर्थ है पंक्ति, जिस पर्व में दीपक की बड़ी-बड़ी पंक्तियां लगाकर घृत के दीपक जलाते हैं उसे दीपावली कहते हैं।

गोवर्धन पूजा- हमारे पूर्वजों ने हमारे पर्वों को कितना सुंदर सजाया है, कितना सामंजस्य बैठाया है। मैंने अभी कहा,लक्ष्मी का मतलब करेंसी नहीं है, हमारी फसल है। अब आप बताइए बिना गो माता की पूजा के किसानों की समृद्धि कैसे हो सकती है या फिर लक्ष्मी पूजा कैसे हो सकती है। गोवर्धन अर्थात गौ माता का रक्षण पालन और

ऐसे कब तक अंधियारा पियें...

ऐसे कब तक जियें अंधियारा पीयें, तरसे यहां भुनसारों को
महलों से उनकी छीन के अब हम लायेंगे उजियारों को

तुमने किरणों की बात कही हमने उसका विश्वास किया
सूरज की अगवानी करने हमने अपना आकाश दिया

जब हमने सौंपा गगन तुम्हे तो तुम ही हमको भूल गए
वायदे भूले कसमें भूले, कुर्सी के नशे में झूल गए

हमने तुम पर छोड़ा, लेकिन तुमने तोड़ा जलते हुए सितारों को
महलों से उनके छीन के अब हम लाएँगे भुनसारों को

जिस बाग में कलियां रोती हो और सूखी-सूखी डाली हो
तुम हरियाली भी दे न सके कैसे बगिया के माली हो


ये बाग अगर उजड़ा तो फिर तुम जिम्मेदार कहलाओगे
गुलशन में हो वीरानी तो तुम ही गद्दार कहलाओगे

तुम ना सौदा करो, कुछ तो डरो, छेड़ो नहीं अंगारों को
महलों से उनके छीन के हम लाएंगे उजियारों को

जब भूख की ज्वाला जगती है तो तन बा?ी हो जाता है
हर जुल्म का झंडा झकता है न नमो-निशां रह पाता है

गर ये तरुनाई जागी तो सिंहासन भी हिल जाएगा ये राजमहल
वाला वैभव सब मिट्टी में मिल जाएगा

इनसे बचकर, रहो कुछ ना कहो तुम छेड़ो नहीं अंगारों को
महलों से उनकी छीन के अब हम लाएंगे उजियारों को।



- सुरेश सोनी ऋतुराज -कटनी

किसको अपना गम कहें

किसको अपना गम कहें।
सुनने को हमदम नहीं।।

चीखती खामोशियाँ,
शोर में दमखम नहीं।

आइने में देखिए,
कौन कहता ग़म नहीं।

एक तूफां मन में है,
आँख लेकिन नम नहीं।

दिल में गम भरकर रखा,
कहने का तो दम नहीं।।

छोड़ दे धुन के लिए,
दोस्त ऐसे हम नहीं।

लोग चेहरा पड़ते हैं,
कोई पड़ता गम नहीं।

ज़ख्म इतने हैं कि अब,
दर्द का मरहम नहीं।।

जां गई पीते पीते
था जहर जमजम नहीं।

ज़ब जले प्रदीप तो,
रौशनी मद्धम नहीं।



- गजलकार
प्रो. प्रदीप उप्पल

पांडेय जी हवा में



आज बड़े दिन बाद अपने विलायती राम पांडेय हवा में है;इसका मतलब यह न लिया जाएं कि वे हवा हवाई भरी बातें करने में यकीन रखते है,इसका अर्थ यह हुआ कि आसमान में उड़ने के शौकीन अपने पांडे जी बड़े दिनों बाद प्लेन में बैठे हैं।

प्लेन में सब सेटल होने के बाद विमान परिचारिका ट्रॉली लेकर घूमने लगीं,पांडेय जी सोचा कि शायद वह उनके पास भी आएगी,मगर यह क्या! वह आई और पड़ोस से गुजर गई और वह भी मुस्कराते हुए।

पांडेय जी ने हौ पूछ लिया कि पानी पिलाइए,वह पानी दे गई,ठु पांडेय जी ने जूस के लिए कहा और न उसने दिया।केवल कुछ यात्रियों ने खाने के सौदे के लिए ऑर्डर दिया।वैसे भी अपने पांडेय जी को राधेलाल टाइप का शौक है,वे न तो प्लेन में ऑर्डर देते है और बल्कि यह सोचते है कि खाने पीने का सौदा टिकट में जुड़ा होना चाहिए।

अब सोचिए यदि आप ऑर्डर नहीं कर रहे तो यह आपकी जिजीविषा की भी परीक्षा है,मसलन आपकी जिव्हा कब तक कंट्रोल कर सकती है!

पांडेय जी ने दम साध लिया था, प्लेन में बैठते ही उनको गर्दन में हलका सा दर्द हुआ,वे यह सोचने लगे कि मैदानी इलाके में बैठे हुए गैंदा मल कलसी ने तो याद नहीं किया या फिर चुप्पी प्रसाद भट्ट ने कोई मंत्र तो नहीं अलाप दिया।क्योंकि चुप्पी प्रसाद भट्ट को तंत्र क्रिया भी आती है।वैसे प्लेन ने स्पीड पकड़ ली थीं जैसे उसे खोई हुई बचपन की प्रेमिका मिल गई हो,जबकि ऐसा कतई नहीं है।लेकिन आसमान में सपने लेने में जाता ही क्या है!इसलिए पांडेय जी कभी कभार इस टाइप के सपने ले लिया करते है।बहरहाल प्लेन में कुछ लोग ऊंघ रहे है और अपने पांडेय जी अपनी इच्छा शक्ति पर नियंत्रण बनाएं हुए हैं।

आइए आगे बढ़ते है

एक झपकी ले ली जाएं,झपकी पर किसी का जोर नहीं,यह तो निःशुल्क है और हमारे यहां एक बात सर्वविदित है जहां फ्री हो वहां लाइनें लगाने में देर नहीं लगती,जैसे स्थानीय भंडारा हो और पूरी,हलवा खाने की कतार में राधेलाल,कल्लू कालिया के साथ नजर आ जाएं तो वह दृश्य यादगार लम्हे को जन्म देता है।

देविका गजोधर ने पांडेय जी को बड़े दिनों बाद याद किया तो पांडेय जी ने भी एक स्माइली भेज दिया,उसको कहते है कि जादू की झप्पी।

जादू की झप्पी किसी भी उम्र में दी जा सकती है और ऐसे करने में मन भी ऊर्जावान बना रहता है।

अभी किसी ने बताया कि लपकुराम हमेशा ने लिए विदेश प्रस्थान कर गए,उधर राधेलाल ने बताया कि उसे भी खबर नहीं हुई,मतलब चोरी छिपे यह मामला घटा।अजी क्या फरक पड़ता है!

अब सेवक राम साहनी जी ने बताया कि कल चमनलाल जी को दस्त लग गए, डॉक्टरों ने भी हाथ खड़े कर लिए और यह कह कर छोड़ा कि महाराज बाहर का खाना वाना छोड़ दीजिए,यह पेट का मामला है और यह एक बार बिगड़ जाता है तो शरीर भी जवाब दे जाता है,बहरहाल विषय से भटकने के लिए नहीं कहा।

कल्लू कालिया ने कहा कि लपकुराम पर आइए,ऐसा है कि उनका दाना पानी हिंदुस्तान से खत्म हुआ तो वैश्विक दुकान का बोर्ड लग गया,और जरूरी नहीं कि यहां दुकान बंद हुई हो और बाहर न खुलें,जो लोग तिगड़मी टाइप होते है वे यह तरकीब जानते है कि सामने वाले को मूर्ख कैसे बनाया जाएं!

आप काहे चिंता करते हैं! जो जैसा करेगा,वह वैसा ही भरेगा।

तभी एयरहोस्टेस आई और पानी दे कर चली गई।

अब पांडेय जी के सामने विकल्प था कि ढाई घंटे की फ्लाइट में वाश रुम का उपयोग किया जाएं या नहीं!

मतलब यहां भी जिजीविषा का मामला था।

आइए आगे बढ़ते हैं



ललित लालित्य नई दिल्ली



पत्थरों के शहरों में रोशनी की तलाश....

बारूदों के मौसम
सुलग रहे धकते दिलों की सुरंगों में
थकी हुई बोझिल सांसे, फ़िरि हुई
उदास
बुझे हुए मन के चिरा?
पत्थरों के शहरों में
रोशनी की तलाश...
घना अंधेरा है दूर
तलक,पसरा
आंसुओं में तैरती
दिवाली की गुजरिया
जिंदगी के अनगिनत
बंटवारे,नाप जोख
सब बेमानी,खसरा
हारे हुए स्वप्न सभी
गुम हुए हुकुम के इक्के, जली हुई
अब ताश,पत्थरों के शहरों में रोशनी
की तलाश...
गुमशुदा कंदीलों के
कौन जगाए,भाग्य
तेल बाती सब बिखरे
जाने कहाँ गए
उजियारों के गूंजते राग
फुलझ?ियों के फूल झड़ गए,बुझे
बुझे अनार,धुआँ हँसता रहा चौखट
हवेली
उलझी रही पहेली
दीप अकेले लड़ते रहे हवाओं से,पीर
पर्वत
नंगे पांव दौ?ती रही लाश,
पत्थरों के शहरों में
कभी न ख़त्म होने वाली
रोशनी की तलाश....

रमाकान्त निगम



एक और दिवाली....

अंतर्मन के दीपों की
अनकही कहानियां जग
जाहिर हो गईं.....
जुगनुओं की अंधेरी बस्ती
पांच सितारा होटल के लिए
रातों रात खाली हो गई...
वही शतरंज वही बाजी
राजनीति के पहाड़ों की
दलाली....
दिय संग बाती हुई मौन
आंसुओं के तेल में डूबी
एक और दिवाली.....
बेदम उजियारा
हांफने लगा...अंधियारे
हंसते रहे गली चौराहे
बस्ती
कंदीलों के चुभते नाग
फनी
किस्मत ने हद कर दी....
ग्रहण लगी ज़िंदगी
हर बार रही सवाली...
आंसुओं के तेल में डूबी
एक और दिवाली...
फुटपाथों के दर्द हुए
बेपर्दा... अपाहिज़ बचपन
जले हुए पटाखों की
बासी बारूद लपेटे,जलते
रहे...मन घायल
आतिशबाजियों से
रहा डरता....
तन टेहाल,जेब रहे खाली..
आंसुओं के तेल में डूबी
एक और दिवाली....
बुझे हुए अनार सी बोझिल
सांसों के अनगिनत लुटेरे
जाने कितने ज़ख्म लिए
अभिशाप हुए वनवासों के
फेरे....
हिस्से में हर बार हमारे
वही अमावस..रात काली...
आंसुओं के तेल में डूबी
एक और दिवाली....

रमाकान्त निगम

अनगिनत दीपकों की रोशनी से जगमगाएगा घर-आंगन



चहुंओर दीपावली का उत्साह, शुभ मुहूर्त में शुरू हुआ गणेश-लक्ष्मी का पूजन, शाम को होगी आतिशबाजी

कटनी, यशभारत। आर्थिक मंदी और महंगाई के बावजूद दीवाली को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। पूजन सामग्री के साथ ही अन्य सामग्रियों की दुकानें बाजारों में सजी हुई है, जहां आज शाम तक जमकर बिक्री होगी, इसके उपरांत शुभ मुहूर्त में घर-घर लक्ष्मी-गणेश का पूजन होगा। इसके बाद अनगिनत दीपकों की रोशनी से सारा आलम जगमग हो उठेगा। दीपावली पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह रहता है।

सुख समृद्धि के महापर्व दीपावली के अवसर पर महालक्ष्मी का पूजन शुभ योग के शुभ संयोग में किया जाएगा। इसके बाद शाम से आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हो जाएगा, जो देर रात तक चलता रहेगा। कल परीबा पर लोग घरों पर रहकर पर्व का आनंद उठाएंगे। भाईदूज पर बहनें भाईयों का तिलक करते हुए जीवन भर रक्षा का वचन लेंगी। दीपावली पर्व को लेकर पटाखा बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ नजर आई। हर साल की तरह इस साल भी झिंझरी पुलिस लाइन मैदान, इमलिया रोड , धपई और जुहला बायपास के पटाखे की दुकानें लगी हुई हैं, जहां दीपावली पर्व के दिन सुबह से ही लोग पटाखों की खरीदी के लिए बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। पिछले साल की बात करें तो इस साल पटाखों की कीमतों में 20 से 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, इसके बाद भी इसकी बिक्री पर कोई असर नहीं पड़ा है।

इन बातों का रखें ध्यान

दीवाली के दिन खाता बही, अकाउंट बुक में कुंकुम से स्वास्तिक बनाकर सायंकाल में ही पूजा की जाए। लक्ष्मी पूजा स्थिर लग्न में करें। दिवाली के दिन सुबह उठकर आदि से निवृा होकर एक मिट्टी के दीपक में सिंदूर और घी मिलाकर लेप बनाए और अपने पूजा स्थान या दुकान में स्वस्तिक चिन्ह, या शुभ-लाभ, श्रीं महालक्ष्मयै नमः शद लिखें। भूमि को शुद्ध करके नवग्रह यंत्र बनाएं। साथ ही तांबे के कलश में गंगाजल, दूध, दही, शहद, सुपारी, सिके और लोंग डालकर उसे लाल वस्त्र से ढककर एक कच्चा नारियल कलावे से बांधकर रखें। जहां नवग्रह यंत्र बनाया है। आसान पर बैठकर स्वस्ति वाचन करें। भगवान गणेश का स्मरण कर अपने दाहिने हाथ में गंध, अक्षत, पुष्प, दुर्वा, द्रव्य और जल लेकर गणेश, मां लक्ष्मी, कुबेर आदि देवी-देवताओं के पूजा का संकल्प लें।

पूजन सामग्री

कुंकुम, कलावा, धूप, अगरबत्ती, कपूर, केसर, चंदन, चावल, 5 जनेऊ, रुई, अबीर, गुलाल, सिंदूर, 10 पान डंठल सहित, 20 साबुत सुपारी, पुष्पमाला, दूर्वा, इत्र की शीशी, छोटी इलायची, लवंग, मिठाई, फल, पुष्प, दूध, दही, घी, शहद, शकर, पांच पो अशोक, पीपत, बड़ आदि के हल्दी की गांठ, गुड़, सरसों, कमलगट्टा, चांदी का सिका, हवन सामग्री का पैकेट, गिरी गोला 2, नारियल 2, लक्ष्मीजी की मूर्ति, गणेश की मूर्ति, सिंहासन, वस्त्र, कलम, बहीखाते, ताम्र कलश या मिट्टी का कलश, पीला कपड़ा आधा मीटर, सफेद कपड़ा आधा मीटर, लाल कपड़ा आधा मीटर, सिके आदि के साथ पूजा कर सकते हैं।

श्रीजा मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस दो दिन और प्रेम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स का पांच दिन के लिए निलंबित

औषधियों के क्रय-विक्रय में अनियमितता पर औषधि विभाग की कार्रवाई

कटनी,यशभारत। जिले में दवाओं के क्रय-विक्रय, भंडारण और वैधानिक अभिलेखों के संधारण में नियमों का उल्लंघन करने वाले मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर औषधि विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश के बाद नियमों का पालन नहीं करने वाले दो मेडिकल स्टोर्स की औषधि अनुज्ञप्तियां (लाइसेंस) निलंबित कर दी गई हैं, जबकि तीन अन्य मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।



औषधि निरीक्षक ने बताया कि जिले के आदर्श कॉलोनी स्थित मेसर्स फिजान रेमेडीज एवं श्रीजा मेडिकल स्टोर्स, बरही रोड स्थित प्रेम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स तथा डन कॉलोनी स्थित स्टार फार्मेसी एवं मॉम एन मी मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान औषधियों के क्रय-विक्रय और संबंधित वैधानिक अभिलेखों की जांच की गई। निरीक्षण में श्रीजा मेडिकल स्टोर्स पर फार्मासिस्ट अनुपस्थित पाए गए। वहीं प्रेम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स में औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी बीजक उपलब्ध नहीं कराए गए तथा एच-1 रजिस्टर का संधारण भी नहीं पाया गया। इन अनियमितताओं पर दोनों संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। श्रीजा मेडिकल स्टोर्स का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर उसकी औषधि अनुज्ञप्तियां दो दिवस के लिए निलंबित कर दी गई हैं। वहीं प्रेम मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स द्वारा नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर उसका लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में दोनों संस्थानों से एलोपैथिक औषधियों का क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अलावा गर्भपात में उपयोग होने वाली औषधियों के क्रय-विक्रय संबंधी बीजक प्रस्तुत नहीं करने पर फिजान रेमेडीज, स्टार फार्मेसी और मॉम एन मी मेडिकल स्टोर्स को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 तथा नियमावली,

बोरी में मिला जंगली सूअर का डेढ़ किलो मांस, एक व्यक्ति गिरफ्तार

शाहनगर की सुनपुरा बीट में गश्त के दौरान वन अमले ने घेराबंदी कर पकड़ा, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई

शाहनगर, पन्ना यशभारत। दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए कथित जंगली सूअर का करीब डेढ़ किलो मांस बरामद किया है। मामले में एक व्यक्ति को पकड़कर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, 6 नवंबर को सुनपुरा बीट के वन कक्ष क्रमांक पी-939 में वन अमला गश्त कर रहा था। इसी दौरान बोरी लेकर जा रहे एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। वनकर्मियों ने उसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा। वन अमले ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।पूछताछ में उसकी पहचान लवकुश आदिवासी, पिता हुकुम आदिवासी, निवासी ग्राम परासी, तहसील शाहनगर के रूप में हुई। उसके पास मौजूद बोरी की तलाशी लेने पर मांस के टुकड़े मिले। प्रारंभिक पूछताछ



में उसने मांस जंगली सूअर का होना बताया।वन विभाग की टीम उसे शाहनगर वन परिक्षेत्र कार्यालय लेकर पहुंची, जहां उप वनमंडलाधिकारी कल्दा के समक्ष पेश कर बयान दर्ज किए गए। फिलहाल मांस की पहचान और मामले से जुड़े तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

31 हजार दीपों से जगमगाएगा बांधा का लघु वृंदावन धाम

10 नवंबर को अन्नकूट महापर्व पर दीपदान, ग्वाल नृत्य और 56 भोग के साथ होगी भव्य महाआरती

कटनी, यशभारत। अन्नकूट दीपावली महापर्व पर 10 नवंबर को श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में भव्य दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर करीब 31 हजार दीपों से जगमगाएगा। आयोजन को अयोध्या में भगवान श्रीराम के आगमन पर मनाए गए दीपोत्सव की तर्ज पर सजाया जाएगा।सायं 6 बजे गृहस्थ संत परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के सुपुत्र आचार्य डॉ. अनिल त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति में दीपदान होगा। इस दौरान ग्वाल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।सायं 7 बजे भगवान श्री राधाकृष्ण, मां गायत्री, भगवान भोलेनाथ, गणेश जी और हनुमान जी की दीप महाआरती की जाएगी। इसके साथ ही भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।मंदिर परिवार ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर दीपोत्सव और धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता करने की अपील की है।



10 माह से मानदेय का इंतजार, विभाग की बैठक में हंगामा

शाहनगर में आशा कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के बीच तीखी बहस, 20 कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर दी लिखित शिकायत

शाहनगर, यशभारत। पन्ना जिले के शाहनगर में आशा कार्यकर्ताओं के करीब 10 माह से लंबित मानदेय भुगतान का मामला अब विवाद में बदल गया है। भुगतान के हिसाब-किताब में गड़बड़ी और रिकॉर्ड की त्रुटियों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस हुई। विवाद के बाद करीब 20 आशा कार्यकर्ताओं ने शाहनगर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दी।



जानकारी के अनुसार, 6 नवंबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे लंबित मानदेय के भुगतान का मिलान करने बैठक बुलाई गई थी। इसमें जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), सामुदायिक स्वास्थ्य प्रबंधक (सीएमएम) और जिला लेखा प्रबंधक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। आशा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि करीब 10 माह से भुगतान नहीं हुआ है। बैठक में कुछ कार्यकर्ताओं के भुगतान का मिलान किया गया, जबकि कई के रिकॉर्ड में त्रुटियां सामने आईं। शासन से मिली राशि और वास्तविक भुगतान का हिसाब पूछने पर बहस शुरू हो गई। कार्यकर्ताओं ने बैठक की कार्यवाही स्पष्ट किए बिना हस्ताक्षर कराने का आरोप भी लगाया है। शिकायत के मुताबिक, सात कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर किए, जबकि अन्य ने इनकार कर दिया। इसके बाद आशा कार्यकर्ता संघ की सुपरवाइजर के नेतृत्व में करीब 20 कार्यकर्ताओं ने थाने में शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद असंज्ञेय अपराध की श्रेणी में एनसीआर दर्ज कर संबंधित न्यायालय जाने की सलाह दी।

अब विभाग से सवाल

10 माह का मानदेय आखिर क्यों अटका है? भुगतान मिलान में सामने आई त्रुटियों के लिए जिम्मेदार कौन है? कार्यकर्ताओं की शिकायत पर विभागीय जांच और कार्रवाई कब होगी? फिलहाल इन सवालों के जवाब का इंतजार है।

24 साल की उम्र में शाहनगर के युवा बने सब इंस्पेक्टर

सफलता से क्षेत्र में खुशी, भोपाल पुलिस अकादमी में ले रहे प्रशिक्षण

शाहनगर, पन्ना यशभारत। मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के दम पर शाहनगर के युवा सतेंद्र प्रजापति ने 24 वर्ष की उम्र में पुलिस विभाग में सब इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से परिवार और नगर में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।सतेंद्र प्रजापति के पिता लल्लू लाल प्रजापति हैं। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा न्यू मोरेसियन स्कूल शाहनगर से प्राप्त की। इसके बाद इंदौर में रहकर आगे की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के साथ ही उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और पुलिस विभाग में उप निरीक्षक बनने का लक्ष्य हासिल किया। सतेंद्र ने यूपीएससी सहित



अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अनुभव भी लिया। निरंतर प्रयास और मेहनत के बाद उन्हें यह सफलता मिली। वर्तमान में भोपाल स्थित मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी में उनका प्रशिक्षण चल रहा है।24 वर्ष की उम्र में मिली यह उपलब्धि शाहनगर के युवाओं के लिए प्रेरणा है। सतेंद्र की सफलता ने साबित किया है कि स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर मेहनत से छोटे कस्बे से निकलकर भी बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।



एक माह से बंद हैंडपंप, नाले का दूषित पानी पी रहे ग्रामीण

रैपुरा, यशभारत। ग्राम पंचायत फतेहपुर के अंतर्गत कंचनपुरा में पेयजल संकट ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। शासकीय प्राथमिक शाला के पास स्थित मुख्य हैंडपंप करीब एक माह से खराब पड़ा है। पाइपलाइन टूटने के कारण हैंडपंप से पानी की बूंद-बूंद निकल रही है। पेयजल का दूसरा इंतजाम नहीं होने से ग्रामीणों को पास के नाले का दूषित पानी उपयोग करना पड़ रहा है। स्थानीय समाजसेवी अजय धुर्वे ने 7 नवंबर को बताया कि हैंडपंप बंद होने से गांव के लोगों के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने दूषित पानी से जलजनित बीमारियां फैलने की आशंका जताई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो स्थिति गंभीर हो सकती है।समस्या के निराकरण के लिए अजय धुर्वे और ग्रामीणों ने अधिकारियों को सूचना देने के साथ सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत क्रमांक 41423865 है।

कंचनपुरा में पेयजल संकट गहराया, शिकायत के बाद भी समाधान का इंतजार, जलजनित बीमारियों का खतरा

अब सवाल यह है कि एक माह से खराब हैंडपंप को दुरुस्त कराने के लिए पीएचई विभाग को और कितनी शिकायतों का इंतजार है? क्या प्रशासन किसी बीमारी के फैलने से पहले ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करा पाएगा? फिलहाल ग्रामीणों को राहत का इंतजार है।

आतिशबाजी करते समय सुरक्षा सावधानियों का रखें

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी,बच्चों को वयस्कों की निगरानी में ही पटाखे जलाने की सलाह

कटनी,यशभारत।आगामी त्योहारों के दौरान आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने पटाखे जलाने से पहले, आतिशबाजी के दौरान और उसके बाद अपनाई जाने वाली सुरक्षा सावधानियों के संबंध में एडवाइजरी जारी की है।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि पटाखे हमेशा खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर ही जलाएं। इमारतों, वाहनों, सूखी वनस्पतियों एवं ज्वलनशील पदार्थों से पर्याप्त दूरी रखें। आतिशबाजी के दौरान सूती कपड़े पहनें तथा बंद जूते का उपयोग करें। बच्चों को बिना वयस्क निगरानी के पटाखे न दें और उन्हें पटाखे जेब में नहीं रखने की समझाइश दें। पटाखे जलाते समय पानी या रेत से भरी बाल्टी पास में रखें तथा एक समय में केवल एक ही पटाखा जलाएं।पटाखे जलाते समय हाथ और चेहरे को उनसे सुरक्षित दूरी पर रखें। अनार, चकरी एवं बम को हाथ में रखकर न जलाएं, बल्कि समतल जमीन पर रखकर ही प्रज्वलित करें। रॉकेट को हाथ से अथवा क्षैतिज दिशा में न छोड़ें। अतिरिक्त आवाज या प्रभाव के लिए पटाखों को टिन के डिब्बे, बर्तन अथवा कांच की बोतल से न ढकें। यदि कोई पटाखा जलने के बाद नहीं फूटता है।

रोहनिया में रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

सांधी रोड पर पुलिस की जांच में नहीं मिले वैध दस्तावेज, थाना परिसर में खड़ा कराया वाहन

कटनी, यशभारत। जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़वारा पुलिस ने ग्राम रोहनिया के सांधी रोड से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। 7 नवंबर को गश्त के दौरान पुलिस को लाल रंग का मेसी कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एक्स 21-क्र 3643 रेत का परिवहन करते मिला।6पुलिस के अनुसार, चालक से पूछताछ में उसकी पहचान अखिलेश उर्फ गोलू, पिता अनिल विश्वकर्मा (23), निवासी गुड़ाकला, थाना बड़वारा के रूप में हुई। वाहन के वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई।



दीपावली : घर-घर जलेंगे उल्लास के दीए

बाजारों में भीड़, रोशनी में जगमगाया शहर, शाम को लक्ष्मी पूजन

कटनी, यशभारत। रोशनी का महापर्व दीपावली आज रविवार को उत्साह और उमंग के बीच मनाया जा रहा है। सुबह से ही लोग दीपावली पूजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं। घरों में माता लक्ष्मी को प्रसन्न करने और उनका जोरदार स्वागत करने के लिए साज-सजावट की जा रही है। पर्व के मद्देनजर शहर के बाजारों में आज सुबह से ही खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। सुभाष चौक से लेकर हनुमान मंदिर, गोल बाजार, कपड़ा बाजार, गांधी द्वार से लेकर सुभाष चौक, झंडा बाजार में जमकर खरीददारी हो रही है। घरों में लक्ष्मी एवं गणेश पूजन के बाद दीप जलाए जाएंगे।



सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से दीपावली मनाएं

कलेक्टर ने जिलेवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

नर्मदापुरम(यश भारत)

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने दीपावली के पावन पर्व पर जिले के समस्त नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की है कि दीपावली का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली लेकर आए तथा हर घर में सुख एवं समृद्धि का प्रकाश फैले। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने कहा कि दीपावली प्रकाश, उत्साह और उल्लास का पर्व है। यह पर्व हमें अंधकार से प्रकाश की ओर तथा असत्य से सत्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

दीपावली का त्योहार आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे दीपावली सहित सभी त्योहार आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं और खुशियों के इस पर्व में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने नागरिकों से दीपावली के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पटाखे जलाते समय सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें और सावधानी बरतें। साथ ही,



अपने आसपास रहने वाले पशु-पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं की सुरक्षा का भी ध्यान रखें, ताकि आतिशबाजी से उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने नागरिकों से पर्यावरण अनुकूल तरीके से दीपावली मनाने तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी पर विश्वास नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक आपसी सहयोग, प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं, और शांति, सामाजिक समरसता और भाईचारे का परिचय दें।

त्योहारों पर पटाखे जलाते समय सावधानी –त्योहारों एवं उत्सवों के दौरान पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरसिंह गेहलोत ने जिलेवासियों से पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने की अपील की है। सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने कहा कि नागरिक पटाखे केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही खरीदें और उन्हें सुरक्षित एवं ठंडे स्थान पर बच्चों की पहुंच से दूर रखें। पटाखे हमेशा खुले स्थान पर जलाएं तथा इस दौरान सूती कपड़े पहनें। बच्चों को बड़ों की निगरानी में ही आतिशबाजी करने दें। रॉकेट को हाथ से न छोड़ें और फटे या नहीं चलने वाले पटाखों के पास तुरंत न जाएं। उन्होंने नागरिकों से तेज आवाज वाले पटाखों के उपयोग से बचने की अपील करते हुए कहा कि आतिशबाजी के दौरान बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों और पालतू जानवरों का विशेष ध्यान रखें। पटाखों से होने वाले वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को कम करने के लिए भी सभी नागरिक जिम्मेदारी से व्यवहार करें। आतिशबाजी के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं तथा बचे हुए पटाखों का सुरक्षित तरीके से निपटान करें।

अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा

सीएमएचओ डॉ. गेहलोत ने सभी संस्था प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपनी-अपनी स्वास्थ्य संस्थाओं में बर्न यूनिट एवं आपातकालीन चिकित्सा इकाइयों को आवश्यक स्टाफ, दवाइयों और चिकित्सा सामग्री के साथ तैयार रखें। पटाखों से जलने अथवा अन्य दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सभी अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

पटाखों से जलने पर तत्काल करें प्राथमिक उपचार

स्वास्थ्य विभाग ने सलाह दी है कि पटाखों से जलने की स्थिति में प्रभावित हिस्से को सामान्य तापमान के साफ बहते पानी से ठंडा करें। जले हुए स्थान पर तत्काल ठंडा पानी डालना प्राथमिक उपचार का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गंभीर रूप से जलने या आंख में चोट लगने की स्थिति में बिना देरी किए नजदीकी अस्पताल पहुंचें और चिकित्सकीय सहायता लें। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि त्योहारों की खुशियां मनाते समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें और सावधानी बरतकर स्वयं तथा अपने परिवार को दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखें।



सेवा भारती ने आदिवासी अंचलों में बांटी दीपावली की खुशियां

महिलाओं को साड़ियां, बुजुर्गों को कुर्ते और बच्चों को कपड़े व पटाखे किए वितरित

नर्मदापुरम/सिवनीमालवा, यशभारत। दीपवाली के अवसर पर रूप चौदस शनिवार के दिन सेवा भारती के नगर अध्यक्ष राजा तिवारी के नेतृत्व में समाजसेवियों ने सोतचिकली, पीपलठोन सहित विभिन्न आदिवासी ग्रामों में पहुंचकर परिवारों के साथ दीपावली की खुशियां मनाई गई । सेवा भारती परिवार के सदस्यों ने महिलाओं को नई साड़ियां, परिवार के बड़े सदस्यों को नए कपड़े, बुजुर्गों को कुर्ते तथा बच्चों को नए कपड़े और पटाखे वितरित किए गए । साथ ही सभी परिवारों को मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी और परिवारों में त्योहार का उत्साह देखने को मिला।सेवा भारती नगर अध्यक्ष राजा तिवारी ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से लगातार जरूरतमंद परिवारों के बीच दीपावली मनाने की परंपरा निभाई जा रही है। हमारा उद्देश्य है कि त्योहार की खुशियां उन परिवारों तक भी पहुंचे, जिन्हें इसकी विशेष आवश्यकता है। किसी के जीवन में मुस्कान लाना और दूसरों की खुशियों का कारण बनना ही वास्तविक खुशी है।समाजसेवी सचिन माहेश्वरी, विपुल सरडा, आशीष कारगवाल एवं गोविंदा माहेश्वरी ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के बीच पहुंचकर उनके साथ दीपावली मनाना सुखद अनुभव रहा। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी खुशियों में जरूरतमंदों को भी शामिल करना चाहिए, ताकि त्योहार की खुशियां सभी तक पहुंच सकें।इस अवसर पर सेवा भारती नगर अध्यक्ष राजा तिवारी, समाजसेवी सचिन माहेश्वरी, विपुल सरडा, आशीष कारगवाल एवं गोविंदा माहेश्वरी सहित अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे । साथ ही इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश सरडा, प्रफुल्ल सरडा, आदित्य अग्रवाल , रौनक अग्रवाल , कुनाल यादव , हर्षित लोवंशी , अनिल उइके सहित विभिन्न समाजसेवियों का विशेष सहयोग रहा ।

नवदंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, 6 माह की गर्भवती थी महिला

पुलिस ने मामले में शुरू की जांच

नर्मदापुरम/माखननगर, यशभारत।

ग्राम आंखमऊ में एक नवदंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। बताया गया कि बंद कमरे में फांसी के फंदे पर पति का शव झूलता मिला, वहीं 6 माह की गर्भवती पत्नी का शव पलंग पर अचेत अवस्था में मिला।इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। साथ ही यह भी बताया गया कि इस घटना में गर्भस्थ शिशु की भी मौत हो गई। एक साथ तीन जिंदगियां खत्म होने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। माखन नगर पुलिस ने बताया कि मृतक आदर्श यादव और पत्नी भारती यादव इटारसी के पास पथरौटा थाना अंतर्गत ग्राम नया गांव के निवासी थे। दोनों की शादी इसी साल 20 अप्रैल को हुई थी। भारती 6 माह की गर्भवती थी। चार दिन पहले ही दोनों आंखमऊ स्थित अपने नाना के घर मेहमानी में आए थे। हालांकि पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। हत्या व आत्महत्या दोनों पहलुओं से सूक्ष्म जांच कर रही है। एसडीओपी के अनुसार, विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

पर्यटकों से अपील स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें, वन्यजीवों को भोजन न खिलाएं

पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता और स्वच्छता पर संकट

नर्मदापुरम(यश भारत)

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व एवं पचमढ़ी की प्राकृतिक सुंदरता, स्वच्छता और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व को बनाए रखने के उद्देश्य से पर्यटकों एवं स्थानीय रहवासियों से विशेष अपील की गई है। सभी से आग्रह किया गया है कि पचमढ़ी भ्रमण के दौरान पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों की सुरक्षा को प्राथमिकता दें तथा निर्धारित नियमों का पालन करें।

पर्यटकों से अपील

अपील में कहा गया है कि पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक गौर, जंगली सूअर सहित अन्य वन्यजीवों को किसी भी प्रकार का भोजन न खिलाएं। उनके लिए जूठा भोजन अथवा खाद्य सामग्री के अवशेष खुले में न छोड़ें। वन्यजीवों



को भोजन देने से उनकी प्राकृतिक भोजन संबंधी आदतें प्रभावित होती हैं और मानव एवं वन्यजीवों के बीच संघर्ष की आशंका बढ़ सकती है।

बंदरों को खाद्य सामग्री न दे

इसी प्रकार बंदरों को भी भोजन न देने और उन्हें उकसाने से बचने की अपील की गई है। पर्यटक अपने साथ लाए गए खाद्य पदार्थों के पैकेट एवं अन्य कचरे को वापस ले जाएं अथवा निर्धारित कूड़ेदान में ही डालें। घरों, होटलों एवं दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें तथा खाद्य अवशेष खुले में न फेंकें, ताकि वन्यजीव आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आकर्षित न हों। प्रशासन एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सभी पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा दें और प्रकृति के संरक्षण में सहभागी बनें।

भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रो मे चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने 6 घंटे में दबोचा



नर्मदापुरम, यशभारत। जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार शुक्ला के दिशा निर्देशन में एवं एएसपी अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में एसडीओपी जितेंद्र पाठक के कुशल नेतृत्व में कोतवाली टी आई गौरव सिंह बुंदेला और उनकी टीम ने एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। तत्संबंध में पुलिस ने बताया कि सतरस्ता शंकर किराना स्टोर के सामने ग्राम बुदनी थाना माखननगर से सामान खरीदी करने आये प्रेमनारायण केवट के पेन्ट के जेब से नोटो की गड्डी 15450/- रुपये निकाल कर चोरी कर एक अज्ञात व्यक्ति मौके से भाग गया था। पुलिस थाना कोतवाली द्वारा अप.क्र. 1060/ 26 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था। इस मामले में त्वरित कार्यवाही कर तुरंत पुलिस टीम बनाकर हुलिया के आधार पर चोरी करने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम द्वारा 06 घण्टे के भीतर फरियादी प्रेमनारायण केवट के पैसे चोरी करने वाले चोर संजू उर्फ बादल पारधी पिता इमलेट पारधी निवासी ग्राम शिवपुर, थाना शिवपुर को तकनीकी साधनो का उपयोग करके पकड़ने मे सफलता हासिल की है। जो आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गये पैसे बरामद कर न्यायालय ज्यूडिशियल रिमांड पर पेश किया गया है। ज्ञातव्य है कि उक्त आरोपी संजू उर्फ बादल पारधी के विरुद्ध अलग अलग थानो मे पूर्व से पांच अपराध पंजीबध्द है । जिसके जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही पृथक से की गई है। उक्त कार्यवाही में निरी. गौरव सिहं बुंदेला , उनि रेवाराम गायकवाड, उनि संजय रघुवंशी, आर हरीश, आर अविनाशी, आर अजमेश, आर. कपिल जाट, आर मनीष सोनी, आर गजेन्द्र डंडोरे, आर गणेश, आर आनंद की सराहनीय भूमिका रही।

दिव्यांगजनों का पंजीयन, और प्रमाण पत्र बनाए गए, सहायक उपकरणों के लिए चयन एवं कृत्रिम अंग प्रदान किए गए

एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित

नर्मदापुरम(यश भारत)

भारत सरकार की एडिप (ष्ठढ्ढक्र) योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत नर्मदापुरम परिसर में मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नर्मदापुरम नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के साथ ही बाबई, माखननगर, सिवनी मालवा सहित अन्य क्षेत्रों से दिव्यांगजन शामिल हुए।

शिविर में जबलपुर से आई एलिम्को (स्ह्लस्ह्ल) की टीम एवं मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का मूल्यांकन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 54 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। इनमें से 20 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र





बनाए गए तथा 60 सहायक उपकरणों के लिए पात्र दिव्यांगजनों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त 18 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। शिविर में विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, एसडीएम नर्मदापुरम श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय सुश्री सीमा बडोले, जनपद पंचायत सीईओ, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी एवं सामाजिक न्याय विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

बुधनी पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 3 लाख का गांजा जब्त किया

ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी किनारे गांजा बेचने की फिराक में बैठा था आरोपी

नर्मदापुरम/बुधनी, यशभातर। सीहोर जिले की पुलिस कप्तान सोनाक्षी सक्सेना के दिशा निर्देशन में एवं एएसपी प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा के कुशल नेतृत्व में बुधनी थाना प्रभारी सुनील ठाकुर और उनकी टीम ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 3 लाख रूपए का गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। तत्संबंध में बुधनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुढ़नी ओवरब्रिज के नीचे रेलवे पटरी के किनारे से एक संदेही को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसने अपना नाम सुनील कुमार पिता इंदर सिंह कुमार, उम्र 43 वर्ष, निवासी ग्राम गोंदर, थाना निसिंग,जिला करनाल (हरियाणा)बताया।उसकी विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 06.304 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख रुपये है। पुलिस द्वारा उक्त गांजे को विधिवत जप्त किया गया।आरोपी सुनील कुमार के विरुद्ध थाना बुढ़नी में अपराध क्रमांक 492/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गांजा



कहां से लाया था तथा किसे बेचने की फिराक में था, इस संबंध में अग्रिम विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में बुधनी थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील ठाकुर, उप निरीक्षक संदीप जाट, उप निरीक्षक राजेश मालवीय, सहायक उप निरीक्षक अशोक कटारिया, प्रधान आरक्षक दीपक,नरेंद्र चौरे,आरक्षक सोनू चौहान, अभिषेक,अनुजयादव थाना बुढ़नी एवं आरपीएफ पोस्ट इटारसी - निरीक्षक मनीष पांडे , प्र.आर. राकेश मीणा , प्र.आर आनंद पवार आर संतोष शर्मा, गजराज सिंह , अमित अवस्थी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।



सिवनीमालवा में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, एसडीएम ने दिए निर्देश

नर्मदापुरम, यशभारत। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य अमले की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम विजय राय ने स्वास्थ्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।एसडीएम ने सार्थक ऐप के माध्यम से उपस्थिति, अनमोल पोर्टल, 2द्बह्ल पोर्टल पर ह्लष्ट रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान कार्ड की प्रगति और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम को लेकर समीक्षा की। सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ एएनएम और आशा सुपरवाइजर को पोर्टल की जानकारी समय पर पूर्ण करने और सार्थक ऐप पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए।उन्होंने डेंगू और मलेरिया रोकथाम के लिए जागरूकता, स्वास्थ्य परीक्षण और फॉलोअप पर जोर दिया। बीएमओ डॉ. कांति बाथम को सेक्टरवार समीक्षा कर साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, एएनसी पंजीयन, आयुष्मान योजना, उमंग स्वास्थ्य केंद्र सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आगामी कार्य योजना बनाई गई।बैठक में बीएमओ डॉ. कांति बाथम, बीईई अश्विनी जोसेफ, बीपीएम इंदर हिरवे, बीसीएम प्रिया पांडे, पंचम पाटिल, परामर्शदाता ईश्वर विश्नोई सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने दिए निर्देश

अटैचमेंट समाप्त होने के बाद भी जमे कर्मचारियों को आखिरकार जाना ही पड़ा अपनी मूल जगह

नर्मदापुरम, यशभारत।

जिले के स्वास्थ्य विभाग में अटैचमेंट का खेल खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था। शासन स्तर से आदेश के बाद भी सभी प्रकार के अटैचमेंट समाप्त करने के स्पष्ट आदेशों के बाद भी अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर रिलीव नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, फील्ड में जाकर स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले तकनीकी स्टाफ को कार्यालयों में महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रभार देकर 'बाबू' बना दिया गया था। जिससे ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। इसको लेकर समाचार पत्रों में यह खबर सुर्खियों में रही । इस पूरे मामले को कलेक्टर ने संज्ञान में लेते हुए तत्काल जिला स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश देते हुए यह कार्रवाई हुई है सबको अपने-अपने मूल जगह पर बैठा दिया।कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिए आदेश कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया से दिनांक 2 नवंबर 2026 को जारी आदेशों को निरस्त करते हुये नीचे दर्शाये गये कर्मचारियों को उनकी मूलपदस्थापना स्थल पर कार्य करने हेतु तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाता है। यह कर्मचारी अपनी मूलपदस्थापना स्थल से ही अपनी सार्थक एप में उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे ।अमित आखण्डे बीईई सामु.स्वा. केन्द्र डोलरिया से सामु.स्वा. केन्द्र डोलरिया अपने कार्य के साथ साथ स्थापना नियमित, सूचना का अधिकार, मलेरिया नियंत्रण रोकथाम कार्यक्रम। अलोक भदौरिया एमपीडब्ल्यु वर्तमान में सामु.स्वा. केन्द्र डोलरिया से मूल पद स्थापना उप स्वास्थ्य केन्द्र रैसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया मे किये जा रहे समस्त कार्यों से एवं मूलपदस्थापना हेतु कार्यमुक्त।अमित परसाई एमपीडब्ल्यु वर्तमान में सामु.स्वा. केन्द्र डोलरिया मूल पद स्थापना उप स्वास्थ्य केन्द्र सांवलखेड़ा,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया में किये जा रहे समस्त कार्यों से एवं मूल पदस्थापना हेतु कार्यमुक्त। वर्तमान में सामु.स्वा.केन्द्र डोलरिया से मूल पद स्थापना उप स्वास्थ्य केन्द्र गुनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोलरिया ने किये जा रहे।

सूझबूझ और सतत प्रयासों से हाई रिस्क गर्भवती महिला को मिला सुरक्षित मातृत्व का सुख

बेहतर प्रयास, इच्छा शक्ति से, सब संभव

नर्मदापुरम(यश भारत)

जिले के केसला विकासखंड के आदिवासी ग्राम बेलाबाड़ा (चीपापुरा) में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ का परिचय देते हुए उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य टीम के सतत प्रयासों, समय पर उपचार और निरंतर काउंसलिंग से 41 वर्षीय गर्भवती सुनीता पति तुलसीराम चौहान के स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब वह दिसंबर माह में सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए तैयार हो रही हैं।

क्या थी परिस्थिति –प्राप्त जानकारी के अनुसार गर्भवती सुनीता को स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाई रिस्क गर्भावस्था के रूप में चिन्हित किया गया था। वह मॉडरेट एनीमिया से पीड़ित थीं और उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 7.1 था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्राम की आशा कार्यकर्ता



श्रीमती सरला प्रधान, सीएचओ दीपिका मालवीय, एएनएम कंचना चौधरी एवं आशा सहयोगी जया साहू ने विशेष निगरानी और देखभाल शुरू की। स्वास्थ्य टीम ने महिला एवं परिजनों की लगातार काउंसलिंग की और बेहतर उपचार के लिए प्रेरित किया। टीम के प्रयासों से लगभग सात माह की गर्भवती महिला का हीमोग्लोबिन स्तर बढ़कर 8.8 हो गया। इसके बाद भी आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य कर्मियों ने निरंतर प्रयास जारी रखे। स्वास्थ्य टीम ने 108 एंबुलेंस के माध्यम से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा पहुंचाया। यहां 25 सितंबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (क्कस्क्र) के अंतर्गत एफसीएम (स्नष्टरू) इंजेक्शन लगाया गया। हीमोग्लोबिन का स्तर कम होने के कारण चिकित्सकीय सलाह पर महिला को सिविल अस्पताल इटारसी रेफर किया गया, जहां 1 अक्टूबर को रक्त आधान (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) सहित आवश्यक जांच एवं उपचार किया गया। वर्तमान में महिला के स्वास्थ्य में काफी सुधार है और हीमोग्लोबिन का स्तर भी बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार महिला के स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है, ताकि दिसंबर माह में उसका सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जा सके।



आईपीएल में बड़ा फेरबदल

हार्दिक पंड्या मुंबई छोड़ पंजाब से जुड़ेंगे, अर्शदीप सिंह की होगी एंट्री

मुंबई, यशभारत। आईपीएल की दो बड़ी फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली की चर्चा ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। दावा किया जा रहा है कि मुंबई इंडियंस के लिए 10 सीजन खेलने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अब फ्रेंचाइजी का साथ छोड़कर पंजाब किंग्स से जुड़ सकते हैं। वहीं, पंजाब के प्रमुख तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल हो सकते हैं। दोनों टीमों के बीच ट्रेड के जरिए यह बदलाव होने की बात कही जा रही है। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

हार्दिक पंड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए 2015 से 2021 तक लगातार सात सीजन खेले। इसके बाद 2022 और 2023 में वह गुजरात टाइटंस का हिस्सा रहे। 2024 में मुंबई ने उन्हें दोबारा अपनी टीम में शामिल किया और रोहित शर्मा की जगह कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी। इस तरह 2024 से 2026 तक उन्होंने मुंबई के लिए तीन और सीजन खेले। आईपीएल में हार्दिक अब तक 162 मैचों में 2955 रन बनाने के साथ 82 विकेट हासिल कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि हार्दिक 2026 सीजन के बाद खुद मुंबई से अलग होना चाहते थे। मुंबई इंडियंस को अर्शदीप के रूप में बाएं हाथ का तेज गेंदबाज मिलने से अपनी गेंदबाजी मजबूत करने का मौका मिलेगा। टीम को लंबे समय से जसप्रीत बुमराह के साथ एक प्रभावी तेज गेंदबाज की जरूरत महसूस हो रही थी। पिछले सीजन में ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। बोल्ट को मुंबई ने 2025 के मेगा ऑक्शन में 12.5 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन पिछले सीजन में वह केवल पांच मुकाबले खेल पाए। ऐसे में अर्शदीप का टीम से जुड़ना मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण को नई ताकत दे सकता है। दूसरी ओर, अर्शदीप सिंह के लिए यह बड़ा बदलाव होगा। उन्होंने 2019 में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल करियर की शुरुआत की थी और अब तक इसी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है। उनके नाम 96 आईपीएल मैचों में 111 विकेट दर्ज हैं। पंजाब के पास भारतीय तेज गेंदबाजों के रूप में यश ठाकुर और विजयकुमार वैशाक जैसे विकल्प भी मौजूद हैं। ऐसे में अर्शदीप को ट्रेड करने और हार्दिक को टीम में शामिल करने की रणनीति पंजाब के लिए भी अहम मानी जा रही है। हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन पिछले तीन सीजन में उतार-चढ़ाव भरा रहा। 2024 में टीम अंक तालिका में आखिरी स्थान पर रही, जबकि 2025 में प्लेऑफ तक पहुंची। 2026 में एक बार फिर टीम को नौवें स्थान से संतोष करना पड़ा। इसके उलट गुजरात टाइटंस के कप्तान के रूप में हार्दिक का रिकॉर्ड शानदार रहा था। उनकी कप्तानी में गुजरात ने 31 मुकाबलों में 22 जीत और नौ हार दर्ज की थीं। अब यदि ट्रेड की खबर सही साबित होती है तो आईपीएल के अगले सीजन में हार्दिक पंजाब की जर्सी में और अर्शदीप मुंबई की ओर से खेलते नजर आ सकते हैं।

शमी के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर भावुक हुए प्रशंसक

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने आंखिरकार टेस्ट रि केट से संन्यास की घोषणा कर दी। इसी के सा ही शमी का 13 साल का टेस्ट करियर समाप्त हो गया। वह हालांकि एकदिवसीय ओर टी20 प्रारुप खेलते रहेंगे। शमी के टेस्ट से संन्यास के फैसले पर प्रशंसक भावुक हो गये और उन्होंने उनके अमूल्य योगदान को याद किया। सोशल मीडिया पर उनकी इस खबर से निराशा और भावुक प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। 13 सालों तक अपनी गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों के दिलों में डर पैदा करने वाले शमी के इस फैसले से निराश उनके प्रशंसकों ने कहा कि आजा शायद आलोचकों को जवाब मिल गया होगा। साथ ही कहा, 'आपके योगदान को भारत और क्रिकेट प्रेमी कभी नहीं भूलेंगे।'

गौरतलब है कि 36 साल के शमी लंबे समय से भारतीय टेस्ट टीम से बाहर चल रहे थे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से ही टीम में जगह नहीं बना पा रहे थे। आखिरकार उन्होंने सोशल मीडिया में एक भावुक पोस्ट साझा कर अपने संन्यास की घोषणा कर दी, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि वह एकदवसीय और टी-20 जैसे सीमित ओवरों के प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। अपने संदेश में, शमी ने कहा कि जब उन्होंने पहली बार भारत की टेस्ट जर्सी पहनी थी, तब उनका सिर्फ एक ही सपना था कि देश के लिए कुछ कर दिखाना। उन्होंने आगे लिखा कि इसके बाद हर विकेट, हर संघर्ष, हर चोट और हर वापसी ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। टेस्ट क्रिकेट को अपनी



जिंदगी का बेहद खास हिस्सा बताते हुए उन्होंने भारी मन और अनगिनत खूबसूरत यादों के साथ अलविदा कहने की बात कही।

शमी के टेस्ट करियर का सफर आंकड़ों और शानदार स्पेल की एक अनूठी दास्तान रहा है। 6 नवंबर 2013 को कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत करने वाले शमी ने 13 साल के लंबे सफर में भारत के लिए 64 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 27.71 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से कुल 229 विकेट अपने नाम किए। अपने इस सफल टेस्ट करियर के दौरान, उन्होंने छह बार एक पारी में पांच या उससे ज्यादा विकेट हासिल करने का कारनामा किया।

शमी की सबसे बड़ी खासियत नयी और पुरानी दोनों गेंदों से सीम और स्विंग हासिल करने की अद्भुत क्षमता थी। जिसके बल पर वह भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के सबसे मजबूत स्तंभ बने और विदेशी पिचों पर भी अपनी एक अलग और खास पहचान बनाई। खासतौर पर दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अपनी ही धरती पर शमी का प्रदर्शन बेहतरीन रहा, जहाँ उन्होंने 35 टेस्ट मैचों में 25 से भी कम की शानदार औसत से 131 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका की उछालभरी और तेज पिचों पर शमी का प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के इतिहास में हमेशा याद रखा जाएगा। 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जोहानिसबर्ग टेस्ट की दूसरी पारी में शमी ने सिर्फ 28 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

शमी ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लंदन के द ओवल मैदान पर आयोजित विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में खेला था। इसके बाद लगातार चोटों और फिटनेस समस्याओं के कारण उनका टेस्ट करियर प्रभावित रहा और वे टीम से दूर होते चले गए।

संभाग स्तरीय महिला कबड्डी में जबलपुर जिला बना विजेता



जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में हितकारिणी महिला महाविद्यालय, जोंसगंज में आयोजित संभाग स्तरीय अंतर जिला महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जबलपुर जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने डिंडौरी को एकतरफा मुकाबले में 81-23 अंकों से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में संभाग के पांच जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया और खिलाड़ियों ने दमखम के साथ खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश राठौर के मुख्य आतिथि तथा आयोजक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीलेश पांडे की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज सोनकर, महेश पशीने, अशोक तोमर तथा चिन्हित महाविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. रमेश शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर हितकारिणी नरसिंह कॉलेज से डॉ. प्रिंसी जॉर्ज सहित विभिन्न जिलों से आए खेल अधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे। इनमें नरसिंहपुर से सुदर्शन ठाकुर और डॉ. पिंटू दास, मंडला से गुलबहार खान, उमरिया से डॉ. आशीष पांडे, बिछिया से अनूप सिंह, नरसिंहपुर से अर्पित सक्सेना तथा डिंडौरी से आबिद खान शामिल रहे।

हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर का पंजाब के मुख्यमंत्री ने किया सम्मान

जबलपुर। यशभारत। एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में भारत ने जापान को 4-1 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। 5 नवंबर 2026 को चंडीगढ़ में खेले गए इस खिताबी मुकाबले के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हॉकी मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



गोलबाजार कप अंडर-16 क्रिकेट में एलिट अकादमी ने जवाली को 28 रन से हराया



जबलपुर,यशभारत। महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट एवं गोलबाजार क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित अंडर-16 इंटर क्लब लीग क्रिकेट प्रतियोगिता गोलबाजार कप में एलिट क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जवाली क्रिकेट अकादमी को 28 रनों से पराजित किया।

शहीद स्मारक गोलबाजार मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में दोनों टीमों के बीच 25-25 ओवर का मैच हुआ। मैच में एलिट क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने निर्धारित ओवरों में 242 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

बल्लेबाजी में उत्कर्ष रागने ने शानदार 88 रन की पारी खेली, जबकि विनायक पाली ने 55 और हम्जा अली ने 14 रन का योगदान दिया। जवाली क्रिकेट अकादमी की ओर से मोहम्मद जैन ने 3 विकेट, अनीश जैन ने 2 विकेट तथा समर्थ और लक्की ने 1-1 विकेट हासिल किया। 243 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जवाली क्रिकेट अकादमी की टीम संघर्ष के बावजूद 214 रन पर सिमट गई।

टीम की ओर से मोहम्मद जैन ने 39, अनीश जैन ने 33 और शाकिब अहमद ने 26 रन बनाए। एलिट क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रांजल ने 3 विकेट झटके, जबकि वेदांश और हम्जा ने 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस तरह एलिट क्रिकेट अकादमी ने मुकाबला 28 रनों से अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार 88 रनों की पारी खेलने वाले उत्कर्ष रागने को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें यह पुरस्कार सीनियर एडवोकेट विकास नाथन ने प्रदान किया।

रंग संसार

एआई का ऐसा इस्तेमाल परेशान करने वाला: श्रेया सरन



मुंबई (ईएमएस)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर अभिनेत्री श्रेया सरन ने भी चिंता जताई है। एक्ट्रेस ने कहा कि एआई तकनीक का दुरुपयोग लोगों के लिए गंभीर परेशानी पैदा कर सकता है। श्रेया सरन के मुताबिक, एआई के जरिए तस्वीरों में इस तरह बदलाव किए जाते हैं कि वास्तविक व्यक्ति की छवि ही बदल जाती है। कई बार कपड़ों और शरीर के आकार तक में आपत्तिजनक बदलाव कर दिए जाते हैं। एक साक्षात्कार में श्रेया सरन ने बताया कि उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ भी इस तरह की छेड़छाड़ देखी है। अभिनेत्री के अनुसार, कुछ तस्वीरों में शरीर के अंगों का आकार बदल दिया जाता है, जबकि कुछ में कपड़ों को हटाकर, अश्लील रूप देने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि कई बार तस्वीर इतनी बदल दी जाती है कि उन्हें खुद भी समझने में कठिनाई होती है कि उसमें दिखाई देने वाली महिला वास्तव में वही हैं या नहीं।

श्रेया ने स्वीकार किया कि ऐसी सामग्री सामने आने पर कई बार उसे नजरअंदाज करना पड़ता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि इस तरह का व्यवहार स्वीकार्य है। उन्होंने इसे परेशान करने वाला बताया और कहा कि एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। उनके अनुसार, तकनीक के अनेक सकारात्मक पहलू हैं और इसका उपयोग लोगों की मदद करने तथा रचनात्मक कामों को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है। हालांकि, गलत इस्तेमाल से नुकसान भी हो सकता है। यह मुद्दा अभिनेत्री जाह्नवी कपूर के गाने 'चुट्टमल्ले' के एआई से बदले गए वीडियो को लेकर हुए विवाद के बाद फिर चर्चा में आया। यह गीत फिल्म 'देवराः पार्ट 1' का है, जिसमें जाह्नवी कपूर के साथ जूनियर एनटीआर दिखाई दिए थे। रिपोर्टों के अनुसार, वायरल किए गए बदले हुए वीडियो में अभिनेत्री की छवि को आपत्तिजनक तरीके से प्रस्तुत किया गया था। जाह्नवी ने 4 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर इस घटना की निंदा की थी। जूनियर एनटीआर, चिरंजीवी, विजय देवरकोंडा और खुशबू सुंदर समेत कई कलाकारों ने भी उनका समर्थन किया था।

अभिनेता नहीं स्क्रिप्ट देख करती हूं फिल्में- सैयामी खेर

मुंबई (यशभारत)। हाल ही में अपने फिल्मी सफर के 10 साल पूरे होने पर एक्ट्रेस सैयामी खेर ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत में ही दो बड़ी फिल्मों के ऑफर ठुकरा दिए थे, क्योंकि उनके लिए अभिनेता या निर्देशक से ज्यादा स्क्रिप्ट मायने रखती है। सैयामी खेर ने बताया कि मिर्जया की रिलीज से पहले ही उन्हें ये बड़ी फिल्में ऑफर हुई थीं, लेकिन उन्होंने दोनों ही प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया। एक्ट्रेस ने कहा कि उस वक्त वह इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थीं, और इसके बावजूद उन्हें वो रोल्स ठुकराने में कोई मुश्किल नहीं हुई।



उनका कहना था कि उन्हें फिल्म के बारे में सिर्फ इतना बताया गया था कि हीरो के साथ 2 सीन करने हैं, उन्हें फिल्म की स्क्रिप्ट तक ऑफर नहीं की गई थी, जिसकी वजह से उन्हें ये ऑफर रिजेक्ट करने में कोई खास मुश्किल नहीं हुई। यह फैसला उनके सिद्धांत को दर्शाता है कि वह बड़े बजट की फिल्मों में छोटे हिस्से करने के बजाय छोटी फिल्म में बड़ा और अहम किरदार करना पसंद करती हैं, जहां स्क्रीन टाइम से ज्यादा किरदार की गहराई मायने रखती है। सैयामी खेर का फिल्म इंडस्ट्री से पुराना नाता रहा है; उनकी दादी उषा किरण मराठी इंडस्ट्री की दिग्गज एक्ट्रेस थीं और वह दिग्गज एक्ट्रेस तन्वी आजमी की रिश्तेदार हैं।

हालांकि, बॉलीवुड में अपनी जगह बनाना उनके लिए भी आसान नहीं रहा। सैयामी ने बताया कि करियर में आगे बढ़ने के लिए लोग उन्हें किसी अभिनेता या निर्देशक को डेट करने की सलाह देते थे, और यहां तक कि उन्हें लिप जॉब कराने की सलाह भी दी जाती थी। इन चुनौतियों के बावजूद, सैयामी अपने दृढ़ संकल्प पर अडिग रहीं और उन्होंने अपनी प्रतिभा और पसंद के साथ कोई समझौता नहीं किया। एक्ट्रेस ने मेल को-स्टार्स की असुरक्षा पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने बताया कि कुछ बड़े सितारे अपने सामने मौजूद एक्ट्रेस को रिएक्शन देने का भी पर्याप्त समय नहीं देते हैं, जिससे अभिनय पर असर पड़ता है।





रश्मिका मंदाना की मैसा में दिखेगा बाप-बेटी का अनोखा रिश्ता

मुंबई (यशभारत)। अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म मैसा को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ रही है। इस फिल्म में रश्मिका एक बिल्कुल नए और दमदार अवतार में नजर आएंगी, जो उनकी पिछली भूमिकाओं से काफी अलग है। यह एक्शन थ्रिलर फिल्म आदिवासी इलाकों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और सिर्फ जबरदस्त एक्शन ही नहीं, बल्कि एक पिता और बेटी के गहरे भावनात्मक रिश्ते को भी पर्दे पर पेश करेगी। फिल्म 27 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

फिल्म के पहले गाने ओ मैसा रे की घोषणा के साथ ही इसका एक आकर्षक पोस्टर भी जारी किया गया है। पोस्टर में आग की लपटों के बीच एक प्रभावशाली सिल्हूट दिखाई दे रहा है, जो गाने के जोशीले अंदाज और फिल्म के एक्शन से भरपूर माहौल की स्पष्ट झलक देता है। इस गाने को मशहूर संगीतकार जैक्स बिजॉय ने कंपोज किया है। मेकर्स को उम्मीद है कि इसका संगीत फिल्म की कहानी और उसके देसी, प्रामाणिक अंदाज को एक अलग पहचान देगा, जिससे दर्शक भावनात्मक रूप से जुड़ पाएंगे।

मैसा की कहानी भारतीय सिनेमा में एक नया आयाम जोड़ने की कोशिश करती है। जहां बाहुबली और केजीएफ जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में मां-बेटे के रिश्ते को कहानी का एक अहम हिस्सा बनाया गया है, वहीं मैसा में पिता और बेटी के बीच के असाधारण जुड़ाव को केंद्र में रखा गया है।

नुसरत की आवाज में था आरडी बर्मन के निधन का दर्द: शेखर कपूर

मुम्बई (यशभारत)। हाल ही में अपनी चर्चित फिल्म बैंडिट क्वीन से जुड़ी एक अविस्मरणीय याद फिल्ममेकर शेखर कपूर ने साझा की है। इसमें शेखर कपूर ने मशहूर पाकिस्तानी गायक नुसरत फतेह अली खान की अद्वितीय कला और उनकी गहरी संवेदनशीलता का जिक्र है। फिल्ममेकर ने बताया कि फिल्म के बैकग्राउंड स्कोर की रिकॉर्डिंग के दौरान, नुसरत फतेह अली खान की आवाज में सिर्फ सुर नहीं, बल्कि दर्द और आंसू भी थे। इस भावनात्मक उथल-पुथल की वजह उस समय संगीतकार आरडी बर्मन का निधन था, जिनसे नुसरत बहुत प्रभावित थे और उनके संगीत के बड़े प्रशंसक थे। आरडी बर्मन के आकस्मिक निधन से नुसरत फतेह अली खान बहुत दुखी थे, और यह दुख उनकी गायकी में स्पष्ट रूप से झलक रहा था। शेखर कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इस पुराने और भावुक किस्से को साझा करते हुए बताया, बैंडिट क्वीन के बैकग्राउंड स्कोर की रिकॉर्डिंग चल रही थी। इसी दौरान नुसरत फतेह अली खान ने मुझसे




एक ऐसी बात कही, जो मेरे लिए अब तक की सबसे अजीब रिक्वेस्ट थी। शेखर ने बताया कि नुसरत ने उनसे कहा, 'शेखर जी, आप अपनी फिल्म देखिए और मैं आपकी आंखों में देखकर गाऊंगा।' यह अनुरोध शेखर के लिए अप्रत्याशित था। उन्होंने आगे बताया, दरअसल, जिस सीन के लिए रिकॉर्डिंग हो रही थी, वह फिल्म में बेहमई नरसंहार के बाद का हिस्सा था। इस सीन में कतार में बनी चिताएं दिखाई गई थीं और नदी किनारे महिलाओं के रोने और विलाप करने की आवाज़ें सुनाई दे रही थीं। यह एक बहुत ही हृदय विदारक और गंभीर दृश्य था, जिसकी संवेदनशीलता को संगीत के माध्यम से व्यक्त करना आवश्यक था। शेखर ने आगे बताया, जब रिकॉर्डिंग शुरू हुई तो मैंने देखा कि नुसरत मेरी आंखों में देख रहे थे। वह सिर्फ देख नहीं रहे थे, बल्कि मेरी आंखों में जैसे कुछ तलाश रहे थे। उस पल मुझे महसूस हुआ कि नुसरत जानते थे कि मैं भी आर. डी. बर्मन के काफी करीब था। शेखर ने याद किया कि आर. डी. बर्मन ने उनकी पहली फिल्म मासूम का संगीत तैयार किया था, जिससे उनके और आरडी बर्मन के बीच भी एक गहरा रिश्ता था।

NABH ISO 9001:2015
NABH & NABL and ISO Certifications

Chirayu Medical College & Hospital

सेवा एवं उपचार के 10 वर्ष



तो हारना क्यों?

जब लड़ाई हो कैंसर से तो
जिगर से जुड़ी हर आशा और
हर शक्ति आपके साथ होगी।
चिरायु में है उत्कृष्ट कैंसर
उपचार, उन्नत तकनीक और
कुशल विशेषज्ञ डॉक्टर्स।

तो हारना क्यों, जब हमारा
संकल्प है हर हाल में जीतना।

हर विभाग में उत्कृष्टता, कैंसर उपचार में विश्वस्तरीय भरोसा

न्यूक्लियर मेडिसिन (PET CT, PSMA, DTPA, DMSA, HLDA, MUGA, स्टेंस थेरेपी, रेडियो आयोडीन थेरेपी एवं अन्य समस्त न्यूक्लियर जाँच एवं उपचार) रेडिएशन-ऑन्कोलॉजी । कीमोथेरेपी । इम्यूनोथेरेपी । टार्गेटेड थेरेपी । आंत्को-कीमोथेरेपी । आंत्को-रेडियोथेरेपी । बोन मैरो ट्रांसप्लांट । सभी प्रमुख सर्जरीज । सभी तरह की दर्द सम्बन्धी समस्याओं का इलाज

- आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी तरह के कैंसर का मुफ्त इलाज
- जाँच के बाद न्यूनतम समय में इलाज की शुरुआत • भारत की पहली VITAL BEAM रेडिएशन मशीन • अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्री एवं पोस्ट ऑपरेटिव केयर ट्रीटमेंट

सीजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआई, मेल, स्वास्थ्य, कैंटीन जेयर वेल, पीएचक्यू, टीपीए, भोपाल लेयन रहा, बेस्ट क्लिम लिए कैशलेस इलाज व सभी इमरोतेंसी और मेडिक्लिन धारकों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा।

चिरायु कैंसर हॉस्पिटल
CHIRAYU CANCER HOSPITAL
जहाँ जिंदगी जीते
A UNIT OF
CHIRAYU CHARITABLE FOUNDATION

भोपाल-इंदौर हाईवे, बैरसिया के पास, भोपाल
Ph: 0755-2709123 / 124
Email: cancercare@cmchbhopal.com
Website: www.cmchbhopal.com

